दैनिक
विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 329 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | गुरुवार, 02 अक्टूबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 परसेंट बढ़ा, 1 जुलाई से होगा लागू

## 49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा; 3 महीने का एरियर मिलेगा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (DA) और महंगाई राहत (DR) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। दशहरा और दिवाली से ठीक पहले बढ़ा यह डीए केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बोनस की तरह है। डीए तो बढ़ गया लेकिन यह लागू कब से होगा और इसका एरियर कब मिलेगा। यह सवाल बहुत से कर्मचारियों के मन में उठ रहा है। आइए हम इन सवालों के जवाब को जानने की कोशिश करते हैं।

इस संशोधन के साथ, महंगाई भत्ता मूल वेतन और पेंशन के 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से लागू होगी। यानी कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त सितंबर का एरियर भी मिलेगा। जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया अक्टूबर के वेतन के साथ मिलेगा। यानी अक्टूबर महीने की वेतन के साथ आपको पुराने महीनों का एरियर भी मिलेगा। यह लाखों लोगों के लिए समय पर त्योहारी बोनस होगा। इस निर्णय से 48 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। 30,000 रुपये मूल वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारी के लिए, यह बढ़ोतरी 900 रुपये प्रति माह अतिरिक्त होगी। 40,000 रुपये मूल वेतन वाले कर्मचारी को 1,200 रुपये मासिक की बढ़ोतरी मिलेगी। तीन महीनों में, बकाया राशि 2,700 रुपये से 3,600 रुपये के बीच होगी, जिससे त्योहारी खरीदारी के मौसम से ठीक पहले अतिरिक्त खर्च करने की क्षमता मिलेगी।

### क्या होता महंगाई भत्ता?

महंगाई भत्ते यानी DA (कर्मचारियों के लिए) और महंगाई राहत यानी DR (पेंशनभोगियों के लिए) को मुद्रास्फीति की भरपाई के लिए साल में दो बार, जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है। यह समायोजन औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW) से जुड़ा होता है, जो जीवन-यापन की लागत के रुझानों को दर्शाता है। यह 3 प्रतिशत की वृद्धि 7वें वेतन आयोग के तहत अंतिम संशोधन है। 8वें वेतन आयोग के जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है।

# फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में 69 लोगों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मध्य फिलीपींस के एक प्रांत सेबू में आए शक्तिशाली भूकंप में 69 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार रात लगभग 10 बजे 6.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे सेबू प्रांत के बोगो शहर और आसपास के गांवों में कई मकान, नाइट क्लब और व्यापारिक इमारतें ढह गईं तथा इनके मलबे में कई लोग फंस गए, जिनकी संख्या अभी तक नहीं बताई गई है। बचावकर्मी बुधवार को जीवित बचे लोगों को खोजने में जुटे रहे। सेना के जवान, पुलिस और नागरिक स्वयंसेवकों को खोजी कुत्तों के साथ, जीवित बचे लोगों की खोज के लिए तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केंद्र बोगो से लगभग 19 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था। बोगो सेबू प्रांत का एक तटीय शहर है, जिसकी आबादी लगभग 90,000 है और मौत के कुल आंकड़े में से लगभग आधी मौतें यहीं दर्ज की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, बोगो में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। रुक-रुक कर हो रही बारिश और क्षतिग्रस्त पुलों तथा सड़कों के कारण बचाव कार्य धीमा पड़ गया है। बोगो शहर के आपदा-शमन अधिकारी रेक्स यगोट ने बुधवार को बताया कि मजदूर भूस्खलन से प्रभावित एक पहाड़ी गांव में झोंपड़ियों के समूह में खोज और बचाव प्रयासों को तेज करने के लिए कोशिश कर रहे थे।

### संघ का विजयादशमी समारोह आज नागपुर में

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे मुख्य अतिथि, भागवत का होगा उद्बोधन



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का विजयादशमी समारोह गुरुवार को नागपुर के रेशमबाग में होगा, जहां संघ प्रमुख मोहन भागवत का मुख्य भाषण होगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष विजयादशमी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। कोविंद नागपुर पहुंच गए हैं। इसके अलावा इस कार्यक्रम में देश के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की मां को भी आमंत्रित किया गया है। कोविंद नागपुर पहुंचने के बाद दीक्षाभूमि गए, जहां संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर ने 1956 में बौद्ध धर्म अपनाया था। पूर्व राष्ट्रपति ने दीक्षाभूमि पर प्रार्थना की। संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देश भर में एक लाख से ज्यादा हिंदू सम्मेलनों समेत कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को यहां भागवत के वार्षिक विजयादशमी संबोधन से होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत के दौरान कहा कि बढ़ते जनादेश के साथ, आरएसएस अब अधिक तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, आरएसएस पूरे समाज को अपना मानता है और इसमें नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि आज आरएसएस के 32 मुख्य संगठन हैं और कई अन्य बड़े एवं छोटे संगठन तथा गतिविधियां हैं।

# सोनम वांगचुक की पत्नी ने राष्ट्रपति को लेटर लिखा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा। उन्होंने अपील की कि राष्ट्रपति एक आदिवासी होने के चलते लद्दाख के लोगों की भावनाओं को समझें। आंगमो यह लेटर PM नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी भेजा है। पत्र में आंगमो ने सोनम वांगचुक की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। सोनम को उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए आंदोलन करने वाला शांतिपूर्ण गांधीवादी प्रदर्शनकारी बताया है। सोनम वांगचुक को लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत आरोप लगाए गए और उन्हें जोधपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

# CJI की मां बोलीं– RSS के कार्यक्रम में नहीं जाऊंगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई की मां कमल गवई 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित RSS के शताब्दी समारोह में शामिल नहीं होंगी। उन्हें इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाया गया है। 84 साल की कमल गवई ने ओपन लेटर में लिखा- इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाए जाने की खबर के बाद अनावश्यक विवाद और आरोप लगने लगे, जिसकी वजह से कार्यक्रम में न जाने का फैसला लिया है। उन्होंने लिखा है कि कुछ लोग उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित करने आए थे और वे सभी के लिए शुभकामनाएं देती हैं।

### संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप; डाक टिकट-सिक्का जारी किया

# घुसपैठियों से चुनौती मिल रही : मोदी

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** PM मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा, "संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो। सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है। उन्होंने इस मौके पर RSS के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं। समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं।

100 साल पहले RSS की स्थापना संयोग नहीं थाः PM ने कहा, अन्याय पर न्याय, अंधकार पर प्रकाश की जीत... यह भारतीय संस्कृति के विचार और विश्वास का कालजयी उद्घोष है। ऐसे महान पर्व पर 100 साल पहले RSS की स्थापना संयोग नहीं था। ये हजारों साल की परंपरा का पुनरुत्थान था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए अवतारों में प्रकट होती है। संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है।

संघ और स्वयंसेवकों का एक ही उद्देश राष्ट्र प्रथमः समाज के कई क्षेत्रों में संघ लगातार काम कर रहा है। संघ की एक धारा, बंटती तो गई, लेकिन उनमें कभी विरोधाभास पैदा नहीं हुआ, क्योंकि हर धारा का उद्देश्य, भाव एक ही है, राष्ट्र प्रथम। अपने गठन के बाद से ही RSS विराट उद्देश्य लेकर चला राष्ट्र निर्माण, इसके लिए जो रास्ता चुना। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, जो पद्धति चुनी वह थी शाखा।

हमें घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रहीः दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र जैसी चुनौतियों से हमारी सरकार तेजी से निपट रही है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। हमें इससे सतर्क रहना है।

RSS दशहरा से अपना शताब्दी वर्ष कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके तहत 2 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2026 तक देशभर में सात बड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत अमेरिका और यूरोप के कुछ देशों में कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं।



## सुजातनगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर शुक्रवार को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा(नि.स.) ।** निकटवर्ती ग्राम सुजातनगर स्थित सती माता मंदिर के महंत श्री श्री 1008 सीयाराम दास त्यागी महाराज जी के 13 सितम्बर 2025 को हुए देवलोक गमन के उपलक्ष्य में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन श्री तुलसी दास जी के सान्निध्य में आगामी 03 अक्टूबर शुक्रवार को किया जाएगा। पंचायत समिति प्रशासक विनोद देवी ने बताया कि शिविर सुजातनगर ग्राम पंचायत के नवीन पंचायत भवन कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में चिकित्सकों द्वारा खासी, जुकाम, बीपी, शुगर व अन्य बिमारियों की जांच कर फ्री दवा का वितरण किया जाएगा। समाजसेवी सुरेन्द्र यादव ने बताया की इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के गरीबों और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना है। शिविर में आने वाले मरीजों को न केवल चिकित्सकीय परामर्श मिलेगा, बल्कि उन्हें फ्री दवा भी वितरित की जाएगी।

## सेवानिवृत्ति पर छात्रावास में किया आर्थिक सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**पावटा(नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चांदोली में राजकीय विद्यालय से शारीरिक शिक्षक पद पर 32 वर्ष की राजकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए ग्राम पवाना अहीर निवासी रमेश चंद्र यादव ने यादव छात्रावास के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। उनके इस सहयोग के लिए यादव समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा उनका माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि उनके पिता दुरसाराम गुरूजी पूर्व प्राचार्य ने कस्बे के श्री कृष्ण छात्रावास संस्थान पावटा एवं कोटपूतली के श्री कृष्ण महिला छात्रावास में 42 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया है। यह सहयोग छात्रावास के विकास और छात्रों के लिए सुविधाओं को बढ़ाने में मदद करेगा। इस दौरान पावटा अध्यक्ष भैंरूराम हुल्डा, संरक्षक किशनलाल गुरूजी, यादव समाज अध्यक्ष रामावतार यादव, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल गुरूजी, डॉ. रतिराम यादव, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सरदार मल यादव, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक एमडी यादव, प्रवक्ता रामकरण यादव, घीसाराम राव, समाजसेवी गिरधारी लाल यादव, बाबूलाल गुरूजी कोषाध्यक्ष, लालाराम कोषाध्यक्ष, एडवोकेट रामचंद्र, रामसिंह यादव, रामेश्वर यादव, प्रवक्ता सरदारमल यादव, रामकुमार सरपंच, सतवीर यादव, सुनील यादव, विकास यादव समेत अन्य मौजूद रहें।

## डांडिया उत्सव में 'हर नारी एक शक्ति' के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** श्री दिगंबर जैन बीसा नरसिंहपुरा समाज द्वारा हिरणमगरी से. 4 स्थित स्वयंवर गार्डन' में आयोजित चार दिवसीय डांडिया समारोह में ही नारी एक शक्ति के पोस्टर का विमोचन हुआ। इस चार दिवसीय डांडिया समारोह में समाज के अध्यक्ष ऋषभ जसिंगोत, महामंत्री अनिल मेहता और कार्यकारिणी सदस्यों का योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति बी.एल.थाया थे। कार्यक्रम में ऋतु मारू और मयूरा मेहता ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों को ढेरों पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसी उत्सव में मयूरा मेहता द्वारा आयोजित होने वाले 'नारी शक्ति..'.सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचित किया गया। मयूरा मेहता ने बताया कि इस कार्यक्रम झीलों की नगरी की हर एक नारी शक्ति को मेडल, ट्रॉफी, उपर्णा,माला,पगड़ी, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। मयूरा मेहता ने बताया कि इस समारोह का उद्वेश्य हर उस समर्पित महिला को सम्मानित करना है जिसने अपने परिवार के साथ समाज के निर्माण में अथक सहयोग प्रदान किया है। कार्यक्रम का संचालन 'अनिल मेहता' द्वारा किया गया।

## भायलापुरा मे प्रथम भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव महिलाओ ने किया डांडिया नृत्य



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** भायलापुरा मे प्रथम भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव नवरात्रि के पावन अवसर मित्र मण्डली द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला ने क्षेत्र में भक्तिमय और सांस्कृतिक माहौल बना दिया। नवरात्रि के दौरान मां के दरवाजे को भव्य रूप से सजाया गया, जिसकी भव्यता श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही।सजावट के साथ-साथ आयोजित डांडिया रास कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं, युवाओं व बच्चों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। सजीव संगीत की मधुर धुनों पर पारंपरिक परिधानों में थिरकते श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा और उत्साह प्रकट किया।मित्र मण्डली के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के अंतिम दिन रात्रि में हवन का आयोजन किया जाएगा जिसमें मां दुर्गा की पूर्ण आराधना के साथ वातावरण को पवित्र किया जाएगा। इसके अगले दिन 101 कन्याओं का पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कन्याओं को भोजन, उपहार और सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम मसूदा दीपशिखा ने शतायु मतदाता का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के मसूदा विधानसभा क्षेत्र मैं अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष में आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम मसूदा दीपशिखा ने मतदाता बदामी देवी निवासी नीमगढ़ का उपखंड कार्यालय मसूदा में माला एवं सोल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं साथ ही प्रशस्ति पत्र भेंट कर अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं साथ ही आगामी चुनाव में मतदान करने हेतु शपथ दिलाई एवं साथ ही नए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बदामी देवी को प्रेरित किया ।

### होटल व्यवसायी और बस ऑपरेटर चिंतित

# पर्यटक बसों पर पुलिस रोक से उदयपुर की पर्यटन छवि धूमिल-टूर ऑपरेटर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर को विश्व-स्तरीय पर्यटन नगरी बनाने के लिए सरकार और प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। हाल ही में उपमुख्यमंत्री महोदय के उदयपुर दौरे के दौरान नाइट टूरिज्म बढ़ाने और पर्यटन को और गति देने पर चर्चाएँ हुई, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। दीपावली पर पर्यटन सीजन फुल रहनें की संभावना है। ऐसे में पुलिस द्वारा शहर मे ंआ रही पर्यटक बसों को शहरी सीमा से बाहर ही रोके जाने के कारण पर्यटन की छवि जहां धूमिल हो रही है वहीं इसको लेकर टूर ऑपरेटर,होटल व्यवसायी एवं बस ओपरेटर पर्यटन सीजन को लेकर चिंतित है। उदयपुर टूरिस्ट बस सर्विस सोसायटी के अध्यक्ष मदनलाल मेनारिया ने बताया कि उदयपुर आने वाले हजारों देश-विदेशी पर्यटक, कॉर्पोरेट ग्रुप्स, कॉन्फ्रेंस डेलीगेट्स और डेस्टिनेशन वेडिंग के मेहमान बसों,कोचों से एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से होटल तक पहुँचते हैं तथा सिटी पैलेस, फतेहसागर, सहेलियों की बाड़ी, मोती मगरी, लोक कला मंडल, लेक पिचोला, बड़ी झील आदि दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करते हैं लेकिन यातायात पुलिस द्वारा आए दिन इन पर्यटक बसों को प्रताप नगर, फतेहपुरा, आर. के. सर्कल, शोभागपुरा पारस चैराहा, उदयपोल आदि स्थानों पर रोक दिया जाता है और कई बार शहर में प्रवेश तक नहीं करने दिया जाता। इसके कारण एक बस में सवार 50 पर्यटकों को सामान सहित ऑटो या रिक्शा पकडऩे की मजबूरी हो जाती है। कई बार 4-5 बसें एक ही ग्रुप में भी लगी होती हैं। ऐसे में अचानक 40-50 रिक्शा ढूँढना यात्रियों के लिए भारी परेशानी बन जाता है।

### टूरिस्ट बस ऑपरेटर कंपनियों की पीड़ा

सोसायटी के सचिव मांगीलाल मेनारिया ने बताया कि उदयपुर अब डेस्टिनेशन वेडिंग हब बन चुका है। कई क्लाइंट्स 150-180 यात्रियों की क्षमता वाले चार्टर प्लेन से सीधे यहाँ पहुँचते हैं। ऐसे ग्रुप्स का परिवहन केवल बसों-कोचों से ही संभव है। पर्यटन की संभावनाएँ देखकर बस, ऑपरेटरों ने करोड़ों रुपये निवेश करके वोल्वो और मर्सिडिज जैसी लग्जरी बसें पर्यटकों के लिये लगा रखी है लेकिन आज वही बसें पर्यटकों को होटल और दर्शनीय स्थलों तक भी नहीं पहुँचा पा रहीं।

### होटल और व्यापार जगत पर असर

शहर पांच सितारा प्रमुख होटलों में कॉर्पोरेट कॉन्फ्रेंस, वेडिंग और ग्रुप टूर लगातार आते हैं। यदि बसें ही नहीं पहुँचेंगी तो समूह सीधे होटल नहीं आ पाएगा और यह पर्यटन कारोबार पर गहरा असर डालेगा। उदयपुर की पूरी अर्थव्यवस्था पर्यटन से जुड़ी है। होटल, रेस्तरां, टैक्सी, गाइड, टूर एजेंट, हैंडीक्राफ्ट और कपड़ों का व्यापार सभी की रोजी-रोटी पर्यटक पर निर्भर है। आने वाले सीजन (नवरात्रि, दीपावली और नववर्ष) में जब सबसे अधिक पर्यटक और बड़े ग्रुप आते हैं, ऐसे समय में बसों पर रोक-टोक पर्यटन उद्योग के लिए बड़ा झटका साबित हो सकती है। सोसाइटी के अध्यक्ष मदन मेनारिया ने बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु सोसाइटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय पर्यटन उपनिदेशक सुश्री शिखा सक्सेना से भी मुलाकात की है और उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया है लेकिन जब तक यातायात विभाग को स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए जाते, समस्या जस की तस बनी रहेगी।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियानः जयसिंहपुरा सीएचसी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा(नि.स.)।** विराटनगर के विधायक प्रतिनिधि आशीष धनखड़ ने बुधवार को जयसिंहपुरा सीएचसी में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नारी की सेहत पर परिवार की सेहत निर्भर करती है, और स्वस्थ माहौल में सशक्त बनने के लिए पहले स्वस्थ होना आवश्यक है। विकास सिंह ने स्वास्थ्य और शिक्षा में हो रहे बदलावों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से संबंधित सेवाएं प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। शिविर में महिलाओं की एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की गई और चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक सलाह और निशुल्क दवाएं वितरित कीं। बीसीएमओ डॉ. सुनील मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के साथ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' की शुरुआत की थी। सीएचसी प्रभारी डॉ. कन्हैया लाल यादव ने बताया कि शिविर में कुल 274 ओपीडी दर्ज की गई, जिसमें 14 गर्भवती महिलाओं की जांच, 7 बच्चों का टीकाकरण और किशोर-किशोरियों की हेल्थ संबंधी काउंसलिंग की गई। इसके अलावा, 57 गैर-संचारी रोगों और 26 टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग की गई और 33 लोगों की एनीमिया जांच की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि उमेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास यादव, शंकर यादव समेत चिकित्सा दल में डॉ. चुन्नी लाल जाट, डॉ. संतोष कुमार स्वामी, डॉ. देवेंद्र कुमार नागर, डॉ. कन्हैया लाल यादव, नर्सिंग अधिकारी अशोक कुमार गुर्जर, कमल कुमार, नीतू सोनी, अनामिका, पूनम राजीव चौधरी, लैब टेक्नीशियन फार्मासिस्ट राकेश कुमार जाट और समस्त सेक्टर की एएनएम व सीएचओ शामिल थे।

## सोजतिया ज्वेलर्स पर मंथली गोल्ड स्कीम का ड्रा निकाला गया



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सोजतिया ज्वेलर्स पर आज ग्राहकों में लोकप्रिय मंथली गोल्ड स्कीम का ड्रा निकाला गया। इस ड्रा में प्रथम पुरस्कार नारायण लाल सोनी, आशीष श्रीमाली तथा चंद्रकला साहू के नाम रहा। इसके अलावा लगभग 200 अन्य पुरस्कार भी ग्राहकों को वितरित किए गए। डॉ. महेंद्र सोजतिया ने जानकारी दी कि इस गोल्ड सेविंग स्कीम में ग्राहक 10 मासिक किश्तें जमा करते हैं और सोजतिया ज्वेलर्स की ओर से 1 पूरी किश्त दी जाती है। इस प्रकार 11 महीने बाद ग्राहक सोजतिया ज्वेलर्स से हॉलमार्क युक्त ज्वेलरी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस स्कीम में ग्राहक चाहे तो ऑनलाइन भुगतान की सुविधा का भी लाभ ले सकता है। डॉ. धुरव सोजतिया ने कहा कि यह योजना छोटी-छोटी बचत को जोडक़र एक बड़ी ज्वेलरी बनाने का श्रेष्ठ साधन है। ग्राहकों में इस स्कीम की लोकप्रियता का मुख्य कारण है। एक पूरी अतिरिक्त किश्त ज्वेलर्स द्वारा देना,प्रतिमाह 200 पुरस्कार जीतने का अवसर,न्यूनतम मेकिंग चार्जेज, शुद्ध सोना और बेहतरीन डिजाइनों का कलात्मक संग्रह है। इस प्रकार यह स्कीम ग्राहकों के लिए सुरक्षित बचत, सुनहरा निवेश और आकर्षक उपहारों का अद्भुत संगम है।

## अजमेर जिले के ग्राम सिंघावल में सिंहनुमा पहाड़ी पर स्थित अन्नपूर्णा माता के मंदिर में शारदीय नवरात्र में भव्य मेला हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** भिनाय उपखंड के ग्राम सिंघावल में सिंहनुमा पहाड़ी पर स्थित अन्नपूर्णा माता के मंदिर में शारदीय नवरात्र में आयोजित भव्य मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। अन्नपूर्णा माता के दरबार में पहले नवरात्र से ही श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि देखी गई, जो अष्टमी के दिन अपने चरम पर पहुंची। मेला ग्राउंड में विभिन्न झूले, चकरी,प्रसाद फूल माला नारियल एवं चाट-पकोड़ी मिठाई एवं खिलौने तथा फेंसी सामानों की दुकाने सजी। मेले में श्रद्धालुओं ने फूलों की माला, प्रसाद, नारियल, घी, पोशाक, ध्वजाएं और आंखें (एकी) अर्पित कर माता का पूजन किया। अखंड ज्योत का उवारना किया गया तथा भक्तों ने एकी-पाती लेकर मनोरथ किए। मान्यता है कि माता की पुष्पमाला से गिरा फूल पाती मिलने का संकेत होता है। इस अवसर पर बान्दनवाड़ा के बारोठिया परिवार और सिंगावल के चास्टा परिवार ने माता के दरबार में आवासीय नवरात्र साधना की, जो वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। मंदिर परिसर में भव्य बिंदोरी निकाली गई और परंपरागत ध्वजा चढ़ाई गई। श्रद्धालुओं को खीर, चूरमा व सवामणी का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया।

### अजमेर के किशनगढ़ में अवैध पेट्रोलियम पदार्थ की तस्करी का भंडाफोड़

## सीओ सिटी अजय सिंह ने किया खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिला पुलिस ने अवैध पेट्रोलियम पदार्थ के भण्डारण और विक्रय के मामले में बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 5 आरोपी को किया गिरफ्तार किया और 5 वाहन भी जब्त किए गए। इस दौरान विक्की, गजराज, और मुकेश समेत अन्य आरोपियों को बेडा की ढाणी सराणा से गिरफ्तार किया हैं। यह कार्यवाही सीओ सिटी अजय सिंह राठौड़ के सुपरविजन में कार्यवाही की गई हैं जिसमे जिला पुलिस ने अवैध पेट्रोलियम पदार्थ के भण्डारण और विक्रय के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए, यहां 26000 लीटर अवैध डीजल के साथ 2500 लीटर अन्य सामग्री भी जब्त की गई। इस दौरान क्रेटा कार और टेंकर समेत अन्य वाहन जब्त किए गए। आरोपी विजय कुमार विजयवर्गीय ने बताया कि वह गुजरात से अवैध डीजल लाकर जयपुर, श्रीनगर और किशनगढ़ में सप्लाई करता था। सीओ ऑफिस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीओ अजय सिंह राठौड़ ने इस मामले का खुलासा करते हुए मीडिया के सामने पूरी जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में किशनगढ़ के गांधीनगर थाना पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला स्पैशल टीम में अजेय सिंह राठौड़ (आईपीएस) किशनगढ़, शंकर सिंह रावत (सउनि),हेड कांस्टेबल सीताराम, हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह का रहा विशेष योगदान, वहीं कांस्टेबल मुकेश, कांस्टेबल गजेन्द्र, कांस्टेबल जितेन्द्र, कांस्टेबल रामनिवास, कांस्टेबल सतराम, और कांस्टेबल मनोज सिंह का रहा सहयोग,आगे की कार्यवाही में जुटी पुलिस टीम।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धों का सम्मान कार्यक्रम

# वृद्ध अपने अनुभव से जन कल्याण में जुड़े रहें

बढ़ता राजस्थान




**सिरोही(नि.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से समाज कल्याण सप्ताह के तहत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। पेंशनर भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में वृद्धजन कल्याण के रूप में कार्य कर रहे वृद्धों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी का मुख्य आतिथ्य रहा। उन्होंने वृद्धों को हमेशा खुश रहकर जीवन यापन करने की हिदायत दी। कहा कि वे समाज का अभिन्न अंग बनकर हमेशा सकारात्मक कार्य में जुड़े रहे। जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल ने वृद्धों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं अपने अनुभव का लाभ समाज को देने की बात कही। कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्रकुमार पुरोहित ने बताया कि वृद्धजन अनुभव की खान है, जिनका लाभ समाज को मिलता है। विशेष ऑडिटर ऋषभ मरडिया, अल्पसंख्यक अधिकारी रमेश चौधरी, पेंशनर समाज जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह, अशोककुमार, समितकुमार, प्रितेशकुमार शर्मा, हनुमान शर्मा आदि मौजूद रहे। मंच संचालन मोहनलाल माली ने किया। कार्यक्रम के दौरान 75 वर्ष से अधिक उम्र के समस्त वृद्धजनों का शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें धार्मिक पुस्तकें प्रदान की गई। इसमें पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा, भबूतमल पुरोहित व रघुभाई माली शामिल रहे।

### शतायु मतदाता सम्मानित

वृद्धजन दिवस पर सौ वर्ष एवं इससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले 30 वरिष्ठ मतदाताओं का अलग-अलग गांवों में सम्मान किया गया। आबूरोड में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी पन्नाराम चौधरी ने सियावा की माताफली में एक ही घर के शतायु मतदाता राजकी देवी एवं रामाराम को माला पहनाकर सम्मानित किया। वीरेंद्र त्रिवेदी, सुपरवाइजर बसंतकुमार झामनानी, बीएलओ रावताराम आदि उपस्थित थे।

राजकीय संग्रहालय में सिंधु सभ्यता की मिलेगी अनोखी झलक, धरोहर संरक्षण के साथ आधुनिक प्रदर्शनी का होगा संगम

# ‘पर्यटन को नई पहचान देगा उन्नत संग्रहालय’

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत राजकीय संग्रहालय, अजमेर के संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्यों का बुधवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि संग्रहालय किसी भी समाज की धरोहर होता है। ये प्राचीन सभ्यता, जीवनशैली, कला, युद्ध कौशल और चिंतन को आने वाली पीढियों तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि संग्रहालय का रख-रखाव सरकार की जिम्मेदारी है। इसके साथ नागरिकों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने परिवार और बच्चों के साथ इन धरोहर स्थलों पर जाएं और उन्हें जीवंत बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के अंतर्गत 5 करोड़ रुपये की राशि संग्रहालय विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई थी, जो अब धरातल पर उतर रही है। उन्होंने कहा कि हेरिटेज लाइब्रेरी के नवीनीकरण और पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए भी बजट प्रावधान किया जाएगा। स्थानीय कामगारों की हस्तनिर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए संग्रहालय में एक सवेनिअर शॉप स्थापित की जाए। इससे वोकल फॉर लोकल की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि आगामी समय में घूमर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। एतिहासिक धरोहरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाना चाहिए। इससे धरोहरों की जीवंतता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पर्यटक स्थलों से संबंधित जानकारी प्रदर्शित करने वाले साइन बोर्ड लगाए जाने आवश्यक है। इससे पर्यटक बढ़ेंगे। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर अपने स्थानीय पर्यटक स्थलों को बढ़ावा दें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजकीय संग्रहालय का उन्नयन अजमेर की ऐतिहासिक पहचान को नई दिशा देगा। संग्रहालय में सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियां और हजारों वर्षों की मानव सभ्यता से जुड़ी मूर्तियां हमारी संस्कृति के धरोहर हैं। सिंधु दर्शन दीर्घा पर्यटकों को विश्व की प्राचीनतम सभ्यता का सजीव अनुभव कराएगी। उन्होंने इसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण की संज्ञा देते हुए कहा कि नई पीढ़ी यहां आकर अपने पूर्वजों के त्याग और बलिदान से परिचित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण कर इन्हें स्थाई रूप से संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अजमेर पर्यटन की दृष्टि से राज्य का हृदय है, जहां धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ-साथ पर्यावरणीय पर्यटन की भी असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने लेपर्ड सफारी, वरुण सागर का सौंदर्यकरण, साइंस पार्क और अन्य परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पुष्कर एवं दरगाह आने वाले पर्यटकों को नए विकल्प प्रदान करेंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और शहर विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़, पुरातत्व विभाग के निदेशक श्री पंकज धरेन्द्र, उपनिदेशक श्रीमती कृष्णकान्ता शर्मा, वृत अधीक्षक श्री नीरज कुमार त्रिपाठी, केन्द्रीय संग्रहालय जयपुर के अधीक्षक श्री महेन्द्र कुमार निम्हल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजर्ग का सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन और जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में शतायु प्राप्त मतदातों का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ऋषिराज कपिल द्वारा माला पहनाकर और मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रशस्ति प्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट सांभरलेक द्वारा फुलेरा निवासी वृद्धजन केशर देवी को घर जाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजन मतदाता छितर मल और भैरूलाल तिवारी ने युवाओं से मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिकाधिक भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाग नही ले सके फुलेरा विधानसभा के शतायु प्राप्त मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारी, पर्यवेक्षक, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार घर घर जाकर प्रशस्ति प्रपत्र प्रदानकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ईआरओ फुलेरा द्वारा मतदाताओं को निर्वाचन के संबंध में जानकारी दी गई तथा मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मतदान करने हेतु प्रेरित किया और लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए मतदाता भागीदारी, लोकतंत्र में हर वोट की अहमियत पर जोर देते हुए जागरूक मतदाता बनने की अपील की।

## नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** रींगस पुलिस ने एक नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया पुलिस ने बताया कि नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को जयपुर जिला कारागार से प्रोडक्शन पर गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि महिला से दुष्कर्म के आरोपी करण सिंह पुत्र महेंद्र सिंह राजपूत निवासी चितोसा जिला झुंझुनू को प्रोडक्शन पर गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि महिला द्वारा 13 अगस्त को पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था जिसमें बताया कि एक अज्ञात युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर मैसेज किया गया और अच्छी जगह नौकरी लगवाने का झांसा देकर मीटिंग के लिए रींगस बुलाया गया, जहां पर पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और जबरन बलात्कार किया फिर महिला के फोन पे से 8 हजार रूपए निकाल कर ले गया। महिला को बेहोशी की हालत में ही जयपुर ले जाकर वहां भी दुष्कर्म किया। आरोपी जयपुर से गोरखपुर बस चलाता था इसलिए पुलिस द्वारा आरोपी को पकडन्ना एक चुनौती बन गया था, लेकिन अमरसर थाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी को जयपुर जिला कारागार भेजा गया था, जहां से रींगस पुलिस ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया।

## जयपुर मंडल के रेल कर्मचारियों के साथ, पेंशनर्स को भी मिलेगा दुर्घटना बीमा का लाभ



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल ने कर्मचारियों के साथ ही पेंशनर्स को बड़ी राहत दी है। मंडल ने एसबीआई भारतीय स्टेट बैंक के साथ विशेष अनुबंध कर जयपुर मंडल के 10,800 कर्मचारियों को 1 करोड़ और 14,000 पेंशनर्स को 30 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर देने की व्यवस्था की है। इसकी खास बात यह है कि इसके लिए किसी को भी कोई शुल्क या प्रीमियम नहीं देना होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूजा मित्तल ने बताया कि जयपुर मंडल के कर्मचारी विभाग ने फिर से सामाजिक सुरक्षा और कल्याण पहलों में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सत्येंद्र यादव-वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जयपुर व अनुराज गुप्ता-मंडल कार्मिक अधिकारी जयपुर के लगातार प्रयास से एक वर्ष पूर्व जयपुर मंडल नें एसबीआई के साथ मिलकर मुफ्त दुर्घटना बीमा और सेवा में लगे रेलवे कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए एमओयू करने वाला अग्रणी मंडल बना था।

## रींगस में चल रही 69 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस कस्बे के पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम मे चल रही 69 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन लीग मैच खेले गए जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावड़ी के प्रथम पारी के खेले गए मैचों मे जयपुर ने उदयपुर को 3-0 से, दौसा ने सलम्बूर को 2-0 से, चित्तौड़ गढ़ ने झुंझुनू को 1-0 से हराया जबकि पाली व बूंदी का मैच 1-1 से टाई रहा। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बीसावाली के खेल मैदान पर हनुमानगढ़ ने जालौर को 11-0 से हराया वही फलोदी और कोटपुतली बहरोड़ का मुकाबला 0- 0 से बराबर रहा।उदयपुर जन जाति ने डीग को 15-0, अजमेर ने अलवर को 1-0, बीकानेर ने फ़लौदी को 7-0 से,अजमेर एकेडमी ने सिरोही को 9-0 से, पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम में भीलवाड़ा ने खैरथल तिजारा को 7-0, बीकानेर ने राजसमंद को 5-0, चूरू ने सिरोही को 15-0 से हराया जबकि ब्यावर -टोंक और जोधपुर - अलवर के बीच मैच गोल रहित बराबरी पर रहा। वही अजमेर एकेडमी ने श्रीगंगानगर को 9-0 से, नागौर ने बालोतरा को 6-0 से, अजमेर ने कोटा को 6-0 से, डीडवाना कुचामन ने खैरथल तिजारा को 5-0 से, सीकर ने डूंगरपुर को 18-0 से, नागौर ने जालौर को 5-0 से हराया जबकि डूंगरपुर और बांसवाड़ा के बीच मुकाबला टाई रहा। आज मैच के दौरान प्रतियोगिता के भामा शाह और समाज सेवी सुरेश मील, शिक्षाविद् प्रदीप शर्मा, प्रेम सागर ढींगरा, राकेश शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश सैनी, प्रधनाचार्य भागचंद् बाजिया, महावीर सिंह खर्रा, विजयपाल बाजिया, विजेंद्र एचरा, बंशीधर बाजिया, शांति बाजिया, ममता शर्मा, पूजा सैनी,शिक्षक सुभाष शर्मा, सुधीर धायल, महेंद्र सिंह, राहुल बाजिया, विजय बाजिया आदि ने बच्चों को उत्साह वर्धन किया।

पीएम फसल बीमा योजना के तहत ‘मेरी पॉलिसी मेरे हाथ’ अभियान शुरू

## किसानों को फसल खराबे के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार कटिबद्ध - कृषि मंत्री

बढ़ता राजस्थान



जयपुर, (का.स.)। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बुधवार को पंत कृषि भवन में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसियों का वितरण कर खरीफ— 2025 की ‘मेरी पॉलिसी मेरे हाथ’ अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कृषि मंत्री ने कहा कि पूरे देश में खरीफ— 2025 की 8 करोड़ 71 लाख बीमा पॉलिसियां करवाई गई हैं, जिनमें से 2 करोड़ 16 लाख यानी लगभग 25 प्रतिशत पॉलिसियां राजस्थान की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को बीमा के प्रति जागरुक करने के लिए पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाकर 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक घर-घर जाकर पॉलिसियों का वितरण किया जा रहा है एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा नवीन कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जो किसान इन शिविरों में पॉलिसी प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, वे अपनी फसल बीमा पॉलिसी संबंधित कृषि पर्यवेक्षक एवं बीमा कंपनी के स्थानीय कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फसल बुआई करने के बाद किसी कारण से फसल नहीं उग पाती है तो ऐसे किसान को बीमित राशि का 25 प्रतिशत मुआवजा दिया जा रहा है। बुआई से कटाई तक विभिन्न प्रकार की आपदाओं एवं फसल कटाई पश्चात् सुखाने के लिए खेत में पडी फसल में बेमौसम वर्षा, ओलावृष्टि, चक्रवात और चक्रवाती वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान झेलना पड़ता है। इन आपदाओं से कृषकों को राहत प्रदान करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वरदान साबित हो रही है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा निरन्तर प्रचार-प्रसार और किसानों को समय पर बीमा क्लेम का भुगतान मिल जाने से इस योजना की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। डॉ. किरोडी लाल ने कहा कि किसानों को इन विकट परिस्थितियों में नुकसान होने पर सरकार द्वारा सहायता मिलने से आर्थिक मजबूती मिलती है, जिससे वे अपने परिवार का पालन पोषण अच्छी तरह से कर पाते हैं। पॉलिसी वितरण के दौरान किसान पाठशाला के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। बीमा कंपनियों द्वारा राज्य के सभी ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर लगभग 32.10 लाख कृषकों को लगभग 2.16 करोड़ पॉलिसियों का वितरण किया जाएगा।

## 69वी राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा, अजमेर में बुधवार को शुभारम्भ हुआ। देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश भड़ाणा ने प्रतियोगिता का ध्वज आरोहण किया और सभी जिले से आए हुए खिलाडियों को बधाई देते हुए सभी को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। लघु उद्योग संघ अध्यक्ष एवं नारेली जैन तीर्थ महामंत्री श्री अतुल जैन ने बताया कि छात्र-छात्राओं को खेल-खेल की भावना से खेलना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री बलराज कच्छावा, एसडीएमसी सदस्य, पार्षद श्री रणजीत सिंह नरूका, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा श्री गोविंद नारायण शर्मा, अल्प भाषाई संस्थान प्राचार्य श्रीमती किरण बाला जोनवाल, श्री भंवर सिंह राठौड़, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग रैफरी श्री विशाल निर्वाण भी उपस्थित रहे। 17 से 19 आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में 37 जिलों से 17 वर्ष श्रेणी में 341 छात्र, 258 छात्रा, 19 वर्ष श्रेणी में 261 छात्र, 176 छात्रा सहित कुल 1036 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उपस्थिति दर्ज कराई।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL**
**RUHS COLLEGE OF MEDICAL SCIENCES,**
**Sector – 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033**
**Ph. : 0141-2795624, 634 Email : principalruhscms@ruhsraj.org**

**No. :- RUHS-CMS/Store/2025-26/7322** **Date :- 27/09/2025**

**Notice Inviting Bid**

Single Stage two envelope offline sealed bids are invited up to 02.00 PM of 03/10/2025 Received bids will be opened on same date at 03.00 PM) for Service and Maintenance of R O Water Purification System at RUHS College of Medical Sciences Jaipur. (Total Estimated Cost Rs.1,62,000.00)

Detail may be seen in the Bidding Document at **http://sppp.rajasthan.gov.in** or RUHS CMS website **www.ruhscms.org.**

**UBN No. : CMS2526A0070** **Principal,**
**Raj.Samwad/C/25/11182** **RUHS College of Medical Sciences, Jaipur**

ग्रामीण विकास मंत्री ने किया सुमंगल दीपावली मेला- 2025 का शुभारंभ

## मेला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हुनर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक, महिला सशक्तीकरण का एक सशक्त मंच

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के सौजन्य से इंदिरा गांधी पंचायती राज सस्थान में आयोजित हो रहे सुमंगल दीपावली मेला-2025 का बुधवार को शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह मेला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हुनर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं बल्कि ग्रामीण जीवन, कला, संस्कृति और महिला सशक्तीकरण का एक सशक्त मंच है जो ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नई रोशनी लेकर आएगा। डॉ. किरोड़ी ने कहा कि राजीविका ने प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और विपणन अवसर प्रदान कर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाया है। आज ये महिलाएँ न केवल अपने परिवारों का संबल हैं बल्कि गाँव की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बना रही हैं। उन्होंने मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से बात कर उनकी संख्या, लागत और आय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आमजन से इस मेले में अधिक से अधिक खरीदारी करने का आह्वान किया तथा कहा कि यहां से खरीदा गया प्रत्येक उत्पाद केवल एक वस्तु नहीं बल्कि हमारी ग्रामीण बहनों की मेहनत और सपनों का प्रतीक है। उन्होंने अलवर के स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाई गई स्टॉल से दीये खरीद कर यूपीआई से भुगतान किया। उल्लेखनीय है कि यह मेला 1 से 12 अक्टूबर तक इंदिरा गांधी पंचायती राज ग्रामीण विकास संस्थान परिसर जवाहर लाल नेहरू मार्ग जयपुर में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में 65 हैंडीक्राफ्ट स्टॉल्स एवं 10 स्टॉल्स से सजा भव्य फूड कोर्ट आकर्षण के केंद्र हैं। यहाँ आगंतुकों को राजस्थान के विविध जिलों के हस्तनिर्मित उत्पाद और परम्परागत राजस्थानी व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर मिल रहा है। मेले में जयपुर की ब्लू पॉटरी, सांगानेरी व बगरू प्रिंट, कोटा डोरिया साड़ी, सवाई माधोपुर की लाख की चूड़ियाँ, राजसमंद की मीनाकारी एवं मोलेला पॉटरी, बीकानेर के अचार व नमकीन, अलवर का टेराकोटा, भरतपुर के जूट उत्पाद, नागौर की कैर, सांगरी व कसूरी मेथी, बांसवाड़ा के तीर-कमान, श्रीगंगानगर के सॉफ्ट टॉयज, दौसा एवं जालोर की राजस्थानी जूतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। मेले में आगंतुक राजस्थानी भोजन दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर-सांगरी, बाजरे व ज्वार की रोटी, कढ़ी-पकोड़ी, घेवर, मालपुआ, फेणी और रबड़ी जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त भी उठा रहे हैं।

(नियम 6(2) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी**

क्रमांकः—न.पा.ब./69ए पट्टा/1339 दिनांकः— **यथा हस्ताक्षर**

—: लोक सूचना :—

**श्री गोपालदास पुत्र श्री कैलाशचन्द जाति वैश्य निवासी पोखरा मौहल्ला बसेडी तहसील बसेडी** ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार **आवासीय** के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/गली/कालोनी का नाम | पड़ोस द्वारा सीमाबद्व भूखण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| (जिला धौलपुर) (उपखण्ड बसेडी ) | पोखरा मौहल्ला बसेडी | पूर्व — आम रास्ता<br>पश्चिम — मकान उम्मेदीलाल<br>उत्तर — मकान गोपालदास<br>दक्षिण — मकान नत्थी कुशवाह | पूर्व — 4.2672 मीटर<br>पश्चिम — 4.2672 मीटर<br>उत्तर — 10.0584 मीटर<br>दक्षिण — 10.0584 मीटर<br>कुल क्षेत्रफल — 42.92 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69—क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं हैऔर मामले का तद्नुसार निपटारा किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका बसेडी**

क्रमांकः— न.पा.ब./भूमि/2025—26/1340—42 दिनांकः— **यथा हस्ताक्षर**

## सम्पादकीय

# अपराध के आंकड़े, लोगों को नियम-कानूनों का पालन करना भी सीखना होगा

अपराधों का एक कारण कानूनों को अनदेखा करने की प्रवृत्ति भी है। छोटे-मोटे नियम-कानूनों की अवहेलना के बढ़ते मामले यही बताते हैं कि देश अभी सामंती प्रवृत्ति से मुक्त नहीं हुआ है। अपराध रोधी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता से इन्कार नहीं लेकिन लोगों को नियम-कानूनों का पालन करना भी सीखना होगा।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो अर्थात एनसीआरबी के 2023 के आंकड़े कोई अच्छी तस्वीर प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। यह ठीक नहीं कि हर स्तर पर अपराध बढ़ते दिख रहे हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि महिलाओं को घरेलू हिंसा से लेकर यौन अपराधों से बचाने वाले कई कानूनों को कठोर किए जाने के बाद भी उनके खिलाफ अपराध कम होने के बजाय बढ़ रहे हैं।

2023 में महिलाओं के खिलाफ 4.5 लाख अपराध के मामले दर्ज किए गए। ये पिछले दो वर्षों की तुलना में अधिक हैं। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा के हैं। इसका मतलब है कि वे घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। निःसंदेह सार्वजनिक स्थानों पर भी उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठते ही रहते हैं।

पिछले दिनों ही कर्नाटक उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में अभियुक्त को जमानत देने से मना करते हुए कहा कि जिस दिन महिलाएं रात में निर्भय होकर चल सकेंगी, उस दिन हम कह सकते हैं कि भारत ने सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त कर ली है। इस स्थिति के निर्माण के लिए केवल पुलिस और अदालतों को ही तत्परता का परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही हमारे पुरुष प्रधान समाज को भी अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का एक बड़ा कारण पुरुष प्रधान समाज की महिलाओं को हीन और दोयम दर्जे का मानने की मानसिकता है। इसी मानसिकता के कारण आज भी महिलाएं बड़ी संख्या में घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं।

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि 21वीं सदी में भी महिलाएं दहेज के लिए प्रताडित की जा रही हैं। यह तब है, जब सरकारें अपने स्तर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें संबल देने के लिए सामाजिक कल्याण की कई योजनाएं चला रही हैं। यह आवश्यक है कि इन योजनाओं का केंद्रीय पहलू लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना बने।

इसके साथ ही अपराधरोधी तंत्र को और सक्षम बनाने की भी गहन आवश्यकता है। इस तंत्र में पुलिस के साथ ही अदालतों की भी प्रमुख भूमिका है। अपराधी छोटा हो या बड़ा, उसे यथाशीघ्र दंड का भागीदार बनाकर ही कानून के शासन को स्थापित किया जा सकता है। अपने देश में सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के खिलाफ अपराध घटित होने का एक कारण यह है कि कई बार सक्षम लोग अपने किए की सजा इसलिए नहीं पाते, क्योंकि वे रसूख वाले होते हैं।

अपराधों का एक कारण कानूनों को अनदेखा करने की प्रवृत्ति भी है। छोटे-मोटे नियम-कानूनों की अवहेलना के बढ़ते मामले यही बताते हैं कि देश अभी सामंती प्रवृत्ति से मुक्त नहीं हुआ है। अपराध रोधी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता से इन्कार नहीं, लेकिन लोगों को नियम-कानूनों का पालन करना भी सीखना होगा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 2 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1492 - ब्रिटेन के किंग हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर आक्रमण किया।
- 1924 - राष्ट्रसंघ को शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से लाया गया जेनेवा प्रस्ताव 1924 महासभा द्वारा स्वीकृत हुआ किंतु बाद में उसकी पुष्टि नहीं हुई।
- 1951 - श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की।
- 1952 - सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत हुई।
- 1961 - बम्बई (अब मुंबई) में शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया का गठन।
- 1971 - तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी. गिरि ने गांधी सदन के नाम से प्रसिद्ध बिड़ला हाउस देश को समर्पित किया। यहीं पर महात्मा गांधी की हत्या हुई थी।
- 1982 - तेहरान में बम विस्फोट से 60 मरे, 700 घायल।
- 1985 - दहेज निषेधाज्ञा संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आया।
- 1988 -
- कोरिया के सिओल में 24वें ओलंपिक खेलों का समापन।
- तमिलनाडु में मंडपम और पम्बन के बीच समुद्र के ऊपर सबसे लंबा पुल खुला।
- 2000 - रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन भारत की चार दिवसीय यात्रा दिल्ली पहुँचे।
- 2001 - 19 देशों के संगठन नाटो ने अफग़ानिस्तान पर हमले के लिए हरी झंडी दी।
- 2003 - हंगरी के प्रधानमंत्री पीटर मैडगेसे भारत की यात्रा पर आये।
- 2004 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कांगों में 5900 सैनिक भेजने का प्रस्ताव मंजूर किया।
- 2006 - दक्षिण अफ्रीका ने परमाणु ईधन आपूर्ति मामले पर भारत को समर्थन देने का फैसला किया।
- 2007 - उत्तर व दक्षिण कोरिया के बीच दूसरी शिखर बैठक सम्पन्न हुई।
- 2012 - नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 20 छात्रों की हत्या की।
- 2 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1974 - प्रीतम सिवाच - भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान
- 1869 - महात्मा गाँधी - भारत के राष्ट्रपिता
- 1904 - लालबहादुर शास्त्री - भारत के दूसरे प्रधानमंत्री
- 1942 - आशा पारेख - प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री
- 1924 - तपन सिन्हा - प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक
- 1901 - गोकुल लाल असावा - देश की स्वतंत्रता के लिए योगदान करने वाले क्रांतिकारियों में से एक थे।
- 1900 - लीला नाग - प्रसिद्ध बंगाली पत्रकार और महिला क्रांतिकारी थीं।

## विशेष आलेख

# गांधी और गांधी विचार को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?



ललित गर्ग



लंदन के प्रसिद्ध टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की 57 साल पुरानी कांस्य की प्रतिमा पर हुआ हमला केवल एक मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की घटना भर नहीं है, बल्कि यह गांधी के अस्तित्व, उनके विचार और भारत की आत्मा पर आघात है। गांधी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करते हुए काले रंग से लिखा है, 'गांधी- मोदी, हिंदुस्तानी टेररिस्ट...।' वहां एक तिरंगे का भी अपमान किया गया है और उसपर भी 'टेररिस्ट' लिखा हुआ है। जिस समय यह हमला हुआ, वह भी बेहद प्रतीकात्मक है, अंतरराष्ट्रीय गांधी जयंती यानी अहिंसा दिवस से महज तीन दिन पहले। यह समय का ऐसा चयन है जो यह दर्शाता है कि अहिंसा के विचार और गांधी के व्यक्तित्व को मिटाने की एक सुनियोजित विकृत मानसिकता एवं साजिश है। गांधी की प्रतिमा महज धातु का ढांचा नहीं, बल्कि उन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को नई दृष्टि दी, नई दिशा दी एवं शांतिपूर्ण अहिंसक जीवनशैली दी है। इस पर आघात करना इस बात का प्रमाण है कि हिंसा की प्रवृत्तियां, आतंक की मानसिकता एवं नफरत-द्वेष की विध्वंक शक्तियां अब भी गांधी के विचारों से डरती हैं और उसे क्षत-विक्षत एवं ध्वस्त करने के षडयंत्र रचती रहती है, पर महात्मा गांधी भारत के अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती। गांधी की राजनीति व धर्म का आधार सत्ता नहीं, सेवा था, वसुधैव कुटुम्बकम् था। जनता को भयमुक्त व वास्तविक आजादी दिलाना उनका लक्ष्य था। वे सम्पूर्ण मानवता की अमर धरोहर हैं। उन्होंने दुनिया को अहिंसा का सूत्र देकर शांतिपूर्ण विश्व-संरचना की। दलितों के उद्धार और उनकी प्रतिष्ठा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनके जीवन की विशेषता कथनी और करनी में अंतर नहीं होना था।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अज्ञात लोगों ने जो हमला किया और आपत्तिजनक नारे लिखे। भारतीय उच्चायोग ने इसे अहिंसा की विरासत पर हमला बताया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस जांच में जुटी है। ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि गांधी की शिक्षाएं हमें सदा एकजुट करती रहेंगी। गांधी के व्यक्तित्व एवं विचारों को आहत करने की यह घटना केवल ब्रिटेन के अस्तित्व एवं अस्मिता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारत की गरिमा और उसकी सांस्कृतिक उपस्थिति को भी चुनौती देती है। जब किसी राष्ट्र के सार्वभौमिक प्रतीक पर हमला होता है, तो वह उस राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके विचारों पर हमला माना जाता है। गांधी केवल भारत के नायक नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के नैतिक मार्गदर्शक हैं। उनका स्मारक क्षतिग्रस्त करना मानवता की उस चेतना को धूमिल करने का प्रयास है जो संवाद, सहिष्णुता, अहिंसा और शांति पर आधारित है। ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, आतंक और कट्टरता से त्रस्त है, गांधी का विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है। ऐसे विचार को कुचलने की चेष्टा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। समीक्षात्मक दृष्टि से देखा जाए तो यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर क्यों अहिंसा जैसे सार्वभौमिक मूल्य आज के दौर में असहनीय प्रतीत होते हैं? क्यों कुछ समूह इतिहास को मिटाने और संवाद की जगह हिंसा को स्थापित करने पर आमादा हैं? यह केवल अतीत की स्मृति पर हमला नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा पर भी सवाल खड़ा करता है। मूर्तियां टूटीं तो उन्हें ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि विचारों को खंडित करने का यह सिलसिला जारी रहा तो यह मानवता की आत्मा के लिए घातक सिद्ध होगा।

समय-समय पर शरारती एवं असामाजिक तत्व देश एवं दुनिया में भारत की महान् विभूतियों- गांधी-मोदी के दर्शन व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछालते रहे हैं और उन्हें गालियां देकर गौरवान्वित होते रहे हैं। ताजा गांधी प्रतिमा को तोडने की घटना किसी साधारण शरारत या स्थानीय असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस गहरी हिंसक, आतंकी और विकृत मानसिकता का प्रतीक है, जो दुनिया में अहिंसा की आवाज़ को दबाना चाहती है। यह घटना केवल एक प्रतिमा को खंडित करने की नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों पर आहत करने की साजिश है। गांधी महज एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक दर्शन हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत विश्व राजनीति, समाज और मानवता के लिए अब भी सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसीलिए हिंसक मानसिकताएं बार-बार इन मूल्यों को मूक बनाने या कुचलने का प्रयास करती हैं। गांधी प्रतिमा पर हमला वस्तुतः उसी मानसिकता की पुनरावृत्ति है, जिसने उनकी हत्या की थी। आज यह मानसिकता कभी धार्मिक उग्रवाद, कभी नस्लीय भेदभाव, कभी आतंकवाद और कभी आर्थिक साम्राज्यवाद का रूप धारण करके सामने आती है। यह घटना भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए गंभीर चेतावनी है कि यदि अहिंसा और सहअस्तित्व की आवाज़ को चुप करा दिया गया, तो मानव सभ्यता हिंसा, आतंक और विनाश के अंधकार में जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस तरह शांति, वैश्विक सहयोग और अहिंसक संवाद की परंपरा को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया है, वह गांधी दर्शन की ही आधुनिक अभिव्यक्ति है।

# बुराई पर विजय: क्या रावण सच में मर गए? क्या दशहरे का संदेश खो गया है?



डॉ प्रियंका सौरभ

*दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, लेकिन आज रावण दहन केवल मनोरंजन बन गया है। पुतले जलते हैं, पर समाज में अपराध, दुष्कर्म, घरेलू हिंसा और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहे हैं। पुराना रावण विद्वान और शक्तिशाली था पर अहंकार और वासना के कारण विनष्ट हुआ। आज के रावण और भी खतरनाक हैं।*

दशहरा, जिसे विजयादशमी भी कहा जाता है, हमारे समाज में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन रावण का दहन करके यह संदेश दिया जाता है कि बुराइयाँ समाप्त हो जाएँ और धर्म और नैतिकता की स्थापना हो। परंतु आज के दौर में यह पर्व केवल उत्सव और मनोरंजन का साधन बनता जा रहा है। रावण दहन के पुतले जलते हैं, मगर समाज में व्याप्त रावण - यानी अपराध, दुराचार और नैतिक पतन - लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर साल दशहरे पर लोग बड़े उत्साह के साथ रावण के पुतले फोड़ते और जला देते हैं। इसका उद्देश्य हमेशा यह रहा कि बुराइयों का नाश हो और अच्छाई की विजय हो। लेकिन वर्तमान समाज में यह प्रतीकात्मक क्रिया केवल दृश्य मनोरंजन बनकर रह गई है। लोग इसे देखने आते हैं, सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो डालते हैं, पर भीतर अपने जीवन या समाज में व्याप्त बुराइयों को बदलने का प्रयास नहीं करते। पुराने समय में रावण महाज्ञानी, शक्तिशाली और नीति पालन करने वाला शासक था। वह भगवान शिव का उपासक था, विद्वान था, और शूरवीर भी। उसकी एक गलती - वासना के कारण सीता का हरण - उसे नाश की ओर ले गई। रावण के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि कोई भी व्यक्ति अपनी विद्वत्ता, शक्ति या संसाधनों के बल पर नैतिक पतन के मार्ग पर टिक नहीं सकता। यदि अहंकार और वासना हृदय पर हावी हो जाए तो विनाश निश्चित है। आज का समाज भी इसी तरह के रावणों से भरा है। पुराना रावण केवल एक व्यक्तित्व था, जबकि आज के रावण हर घर, गली, शहर और गाँव में विद्यमान हैं। अपराध, हत्या, दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, रिश्वत और भ्रष्टाचार की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह केवल पुलिस या कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि समाज के नैतिक पतन का संकेत भी है।

हमारे दशहरे के पर्व में जलते पुतले यह दिखाते हैं कि बुराई का अंत हो गया। परंतु वास्तविकता यह है कि बुराई समाज में कहीं भी कम नहीं हुई। आज के रावण धूर्त, अहंकारी और क्रूर हैं। वह अपने लाभ के लिए किसी की भी हानि करने से नहीं हिचकिचाते। दहेज़ के लिए पत्नी को जलाना, महिलाओं का अपहरण, बलात्कार और बच्चों पर अत्याचार - ये केवल कुछ उदाहरण हैं। यह सब समाज में बड़े पैमाने पर घट रहा है।

पुराने रावण ने अपने भीतर की इच्छाओं और अहंकार के कारण ही विनाश का मार्ग अपनाया। आज के रावण और भी खतरनाक हैं, क्योंकि वे केवल बाहरी शक्ति और कानून का इस्तेमाल करके अपने स्वार्थ साधते हैं। उनमें नैतिकता, ईमानदारी या धर्म के लिए कोई श्रद्धा नहीं है। परिणामस्वरूप, समाज में विश्वास और मानवता का संकट बढ़ता जा रहा है। रावण दहन का असली उद्देश्य केवल पुतले जलाना नहीं है। यह हमें अपने भीतर के रावणों - दोष, नकारात्मक भावनाओं और बुराइयों - को पहचानने और दूर करने की शिक्षा देता है। जब तक हम अपने भीतर के अहंकार, द्वेष, झूठ, कपट और वासना को नहीं मारेंगे, तब तक समाज में स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है। आपकी कविता जलते पुतले पूछते इस संदेश को बहुत सुंदर ढंग से व्यक्त करती है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



नीतीश राज शर्मा
(शिक्षक केंद्रीय विद्यालय)

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को मुग़लसराय, उत्तर प्रदेश में मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव के यहाँ हुआ था। इनके पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। अतः सब उन्हें मुंशी जी ही कहते थे। बाद में उन्होंने राजस्व विभाग में लिपिक (क्लर्क) की नौकरी कर ली थी। लालबहादुर की माँ का नाम रामदुलारी था। परिवार में सबसे छोटा होने के कारण बालक लालबहादुर को परिवार वाले प्यार से नन्हें कहकर ही बुलाया करते थे। जब नन्हें अठारह महीने का हुआ तब दुर्भाग्य से पिता का निधन हो गया। उसकी माँ रामदुलारी अपने पिता हजारीलाल के घर मिर्ज़ापुर चली गयीं। कुछ समय बाद उसके नाना भी नहीं रहे। बिना पिता के बालक नन्हें की परवरिश करने में उसके मौसा रघुनाथ प्रसाद ने उसकी माँ का बहुत सहयोग किया। ननिहाल में रहते हुए उसने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की। उसके बाद की शिक्षा हरिश्चन्द्र हाई स्कूल और काशी विद्यापीठ में हुई। काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि मिलते ही प्रबुद्ध बालक ने जन्म से चला आ रहा जातिसूचक शब्द श्रीवास्तव हमेशा के लिये हटा दिया और अपने नाम के आगे शास्त्री लगा लिया। इसके पश्चात् शास्त्री शब्द लालबहादुर के नाम का पर्याय ही बन गया। मरो नहीं मारो का नारा करो या मरो का ही एक रूप था। गाँधीवादी सोच के चलते महात्मा गाँधी ने नारा दिया था- 'करो या मरो'। यह नारा उसी रात दिया गया था, जिस रात भारत छोड़ो आन्दोलन का आगाज़ हुआ। यह इसी नारे का असर था कि सम्पूर्ण देश में क्रान्ति की प्रचंड आग फ़ैल गई। ब्रिटिश शासन के खिलाफ इसे अगर एक हिंसक नारा कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यह नारा लाल बहादुर शास्त्री द्वारा 1942 में दिया गया था, जो कि बहुत ही चतुराई पूर्ण रूप से 'करो या मरो' का ही एक अन्य रूप था तथा समझने में आत्यधिक सरल था।

**-रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# माइग्रेन के दर्द को कम करना है तो खाएं ये फूड

माइग्रेन की प्रॉब्लम बहुत कॉमन हो गई है. ये दर्द कभी भी और कहीं भी हो सकता है। यूं तो माइग्रेन होने के कई कारण हो सकते हैं लेकिन ये एक अनुवांशिक बीमारी भी है। मतलब, अगर आपके घर में कोई माइग्रेन का पेशेंट रह चुका है तो हो सकता है कि उसकी ये प्रॉब्लम ट्रांसफर हो जाए। माइग्रेन में सिर के एक ओर तेज दर्द उठता है। इस दर्द को बर्दाश्त कर पाना वाकई बहुत मुश्किल है। उल्टी आना, चक्कर आना और थकान महसूस होना माइग्रेन के प्रमुख लक्षण हैं। माइग्रेन का दर्द सिर के एक हिस्से में होता है इसलिए इसे आम बोलचाल में अधकपारी भी कहते हैं। माइग्रेन के दर्द को कम करने के लिए कई तरह की दवाइयां मौजूद हैं लेकिन आप चाहें तो कुछ घरेलू उपाय अपनाकर भी माइग्रेन के दर्द को कम कर सकते हैं। कुछ डाइट्स ऐसी हैं जो माइग्रेन की प्रॉब्लम को कम करने का काम करती हैं। खाने-पीने की इन चीजों से आप चाहें तो माइग्रेन की प्रॉब्लम को काफी हद तक कंट्रोल कर सकती हैं।

**1. हरी पत्तेदार सब्जियां** खाकर हरी पत्तेदार सब्जियों में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है. माइग्रेन के दर्द में मैग्नीशियम बहुत ही कारगर तरीके से काम करता है। अनाज, सी-फूड और गेंहूं में भी भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम होता है।

2. मछली खाना भी रहेगा फायदेमंद -मछली में ओमेगा 3 फैटी एसिड और विटामिन ई पाया जाता है। ये दोनों ही चीजें माइग्रेन के दर्द को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

**3. डाइट में जरूर** शामिल करें दूध- माइग्रेन में फैट फ्री दूध पीना बहुत फायदेमंद रहेगा। दूध में विटामिन बी पाया जाता है. जो सेल्स को एनर्जी देने का काम करता है। कई बार ऐसा होता है कि दिमाग की नसें सुस्त पड़ जाती हैं और माइग्रेन का दर्द शुरू हो जाता है। ऐसे में में विटामिन बी उन्हें एनर्जी देने का काम करता है।

**4. कॉफी पीना भी है फायदेमंद-** जिस तरह नॉर्मल सिर दर्द में कॉफी और चाय पीना फायदेमंद है उसी तरह माइग्रेन में भी ये काफी मददगार है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। आपको छोटी-छोटी बातों पर बेवजह क्रोध करने से बचना होगा, जो परिवार के लोगों को परेशानी देगा। आप बेवजह के कामों को लेकर भागदौड़ में लगे रहेंगे।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। आपके बिजनेस में उतार-चढ़ाव रहने से आप परेशान रहेंगे।

**मिथुन**
आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। व्यवसाय में आप किसी काम को लेकर पार्टनरशिप ना करें। आपको अपने आलस्य को त्यागकर कामों में आगे बढना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**कर्क**
आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। संतान की नौकरी को लेकर कुछ टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी पेट संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। बाहर के अत्यधिक तले-भुने भोजन से परहेज रखें और सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी पूरी रूचि रहेगी।

**कन्या**
आज आपके मनमाने व्यवहार के कारण लोग परेशान रहेंगे। आप बेवजह छोटी-छोटी बातों को लेकर क्रोध न करें। परिवार में यदि कोई लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

**तुला**
आज आपका अपने खर्चों को लेकर टेंशन बनी रहेगी, इसलिए आप उन्हे कंट्रोल करने की कोशिश करें। सेहत में यदि कुछ समस्या महसूस हो, तो आप उसे छोटी ना समझें, उसको लेकर अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यो से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपका कोई अधूरा काम पूरा हो सकता है। आज आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा। आप किसी रूपए पैसे से संबंधित मामले में सोच समझकर कदम बढ़ाएं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए से व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। संतान की पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याएं आ रही थी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपको नौकरी में भी अच्छे पद की प्राप्ति हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज का दिन रोमांटिक रहने वाला है।

**कुंभ**
आज आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी विपरीत परिस्थिति में भी आप धैर्य बनाए रखें। आपके मन में कुछ कामों को लेकर उलझनें रहेगी, जिसमें आप बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

**मीन**
आज आपको कुछ नये संपर्कों से लाभ मिलेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। धन-धान्य में वृद्धि होगी और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

## रणथंभौर में तीन माह बाद लौटी रौनक, सैलानियों के लिए खोला



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** प्रदेश के सबसे बड़े रणथंभौर नेशनल पार्क में तीन माह बाद बुधवार को रौनक लौट आई। बारिश के चलते तीन माह बंद रहा पार्क एक अक्टूबर से सैलानियों के लिए खोल दिया गया। आज से नया पर्यटन सत्र शुरू हुआ। पर्यटन सीजन के पहले दिन सैलानियों में खासा उत्साह देखा गया।

रणथंभौर नेशनल पार्क के उप वन सरक्षक रामानंद भाकर ने पर्यटक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. स्कूली विद्यार्थियों को निःशुल्क भ्रमण के लिए पार्क भेजा ! बरसात के दौरान तीन माह रणथंभौर पार्क बंद किया जाता है. उसके बाद आज विधिवत रूप से पर्यटकों के लिए रणथंभौर खोला. ह्न्जष्ट्र की गाइडलाइन के अनुसार, साप्ताहिक अवकाश के चलते बुधवार को जोन नंबर एक से पांच के बीच पार्क बंद रखा। यह गुरुवार से खुलेगा. इस वर्ष बारिश ज्यादा होने के कारण पार्क के जोन नंबर एक का रास्ता क्षतिग्रस्त है. अभी जोन नंबर एक पर पर्यटक नहीं जा सकेंगे। जोन नंबर 2 से 5 के बीच गुरुवार सुबह से पार्क जा सकेंगे।

उप वन संरक्षक भाकर ने कहा कि वन विभाग विभिन्न कार्यक्रम कराएगा. आज से वन्यजीव सप्ताह शुरू हुआ। रणथंभौर में बाघों की बढ़ती संख्या के चलते सैलानी उत्साहित नजर आए. भाकर के अनुसार, आज बंद रखे जोन नंबर 2 से 5 के बीच गुरुवार सुबह से सैलानियों के लिए खोल दिए जाएंगे।

## बिना दस्तावेजों के संचालित सात कैफे किए सीज



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** नगर परिषद टोंक इलाके में बुधवार को उपखंड अधिकारी हुकमीचंद रोहलानिया की अगुवाई में कैफे की जांच की कार्यवाहीं की गई।जिसमें अधूरे दस्तावेज पाए जाने के कारण सात कैफे को सीज किए जाने की कार्यवाही की गई।इससे टोंक में कैफे संचालकों में हडकंप मच गया।कई कैफे संचालक तो कैफे बंद करके भाग गए।

टोंक में पिछले दिनों बने तनाव के हालात एवं बिना अनुज्ञा पत्र के संचालित हो रहे कैफे के खिलाफ अभियान चलाकर पुलिस-प्रशासन ने सात कैफे को सीज किया है। उपखण्ड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी सहित कोतवाली पुलिस की टीम ने बुधवार को शहर में विभिन्न कैफों पर जाकर जांच की जहां फूड लाईसेंस, फायर एनओसी आदि जरूरी दस्तावेज के बिना ही संचालित हो रहे कैफे मौके पर ही सीज किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में पिछले दिनों छात्राओं को बहला फुसलाकर दोस्ती करने तथा बाद में डरा धमकाकर उन्हे धर्मान्तरण के लिए विवश करने तथा इसमें सहायक बने रहे केफो की लोगों द्वारा शिकायत की गई थी।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि टोंक क्षेत्र में चल रहे अवैध कैफे , रेस्टोरेन्टो को अवैध गतिविधि के साथ-साथ अतिक्रमण,अवैध निर्माण,अप्राधिकृत विकास,अवैध पार्किंग,ठौस कचरा प्रबंधन का अभाव,ट्रेड लाईसेन्स का अभाव , फायर एनओसी के अभाव मे नियमानुसार सीजर की कार्यवाही की गई।

सीज किए गए कैफे तथा रेस्टोरेन्ट में चाईनीज कैफे छावनी टोंक,साउथ इण्डियन कैफे छावनी ,चाईनीज कैफे, सेन्ट सोल्जर स्कुल के पास टोंक ,राधे-राधे कैफे, डाईट रोड टोंक, हिमालय बेकरी जिला शिक्षा अधिकारी ऑफिस के पास, आरडी कैफे देवली रोड तथा मारवाड़ी कैफे देवली रोड टोंक शामिल है।

## भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए सबको करना होगा प्रयास- इसरानी




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद् नई दिल्ली के तत्वावधान में सिंधी भाषा के लर्निंग कोर्स की कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। सहयोगी संस्था भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास की ओर से इसके लिए रुपरेखा तैयार की गई है। शिक्षा मित्र योग्यता इसरानी ने कोर्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस कोर्स में सिंधी समाज के बच्चे सिंधी भाषा की देवनागरी लिपि लिखना पढना सीख सकेंगे। सिंधी समाज अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए सबको प्रयास करना चाहिए। सचिव झामनदास सबनानी, वासुदेव सबनानी, शीतलदास इसरानी, तुलसीराम हरचंदानी, धर्मेंद्र मेठवानी एवं लक्ष्मण डासवानी ने समाज के बच्चों को मातृभाषा सीखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा संस्कृति से जोडने का एकमात्र माध्यम है। शिविर की शिक्षामित्र ऋद्धा इसरानी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में सुपरवाइजर भारती आसवानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम एवं छेज उत्सव भी मनाया गया। समारोह में मोहिनी डासवानी, कविता इसरानी, रेखा, काजल, सानिया, नीतू, सिया, कायरा, दुर्गा, एवं मधु, रोहन एवं प्रेरित सहित कई गणमान्य लोग व छात्र मौजूद थे।

## 50 साल बाद अपने 'गरीब दोस्त' से गले मिलकर भावुक हुए कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी

# 'बता मेरे यार सुदामा रे..., तेरा यार तेरे घर आया....'

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)। '
बता मेरे यार सुदामा रै
बता मेरे यार सुदामा रै भाई घणे दिना में आया
बता मेरे यार सुदामा रै भाई घणे दिना में आया....! 'इस चर्चित भजन के भावार्थ में सुदामा अपने परम सखा भगवान कृष्ण के दरबार में पहुंचे उसे जोड़ा गया है लेकिन आधुनिक युग में भगवान कृष्ण की जगह राज्य सरकार में कृषि मंत्री दिग्गज बीजेपी नेता डॉ किरोडी लाल मीणा बीकानेर प्रवास के दौरान विगत दिनों अपने खास मित्र जो कि बिल्कुल गरीब सुदामा जैसे हैं उनके घर पहुंचते हैं और उनकी बदहाली देखकर भावुक हो जाते हैं और गले मिलकर उनके न केवल हाल पूछते हैं अपितु तत्काल मौके पर ही 1,00,000 की नकदी देकर आर्थिक मदद भी की ! जन सेवा के लिए चर्चित दिग्गज भाजपा नेता डॉ किरोड़ी लाल मीणा की अपने मित्र की इस प्रकार की सहायता देखकर काफी प्रशंसा हो रही है।

### इसे कहते हैं दोस्ती निभाना

राज्य के ग्रामीण विकास जनअभाव अभियोग निराकरण एवं कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा विगत दिनों बीकानेर प्रवास के दौरान बीकानेर में एमबीबीएस के दिनों के साथी नारायण मोदी से मिलने और हाल जानने के लिए उनके घर पहुंचे! डॉ मीना अपने इस गरीब दोस्त की हालत देखकर भावुक हो गए और गले मिलकर उनके मकान में हर कमरे में जानकर नजदीकता से हाल जाने इतना ही नहीं नारायण मोदी की पत्नी के बारे में भी चर्चा की इस पर मोदी ने बताया पत्नी के बारे में सामने रखी तस्वीर की ओर इशारा कर दिया जिस पर डॉ मीना काफी और भावुक हो गए ! बातचीत के दौरान मोदी से पूछा कि घर की मरम्मत के लिए कितना खर्च की आवश्यकता है इस पर मोदी ने बताया कि लगभग 100000 मिल जाए तो काम हो सकता है इस पर तत्काल डॉ मीणा ने मौके पर ही मोदी को 100000 नगदी मौकै पर आर्थिक मदद देकर दोस्ती का फर्ज निभाया जिसे देखकर मौके पर उपस्थित लोग भी काफी भावुक हो गए।

### कृष्ण - सुदामा की दोस्ती का दृश्य नजर आया

गौरतलब है कि सुदामा और कृष्ण की मित्रता की कहानी बचपन की घनिष्ठता का एक अद्भुत उदाहरण है, जहाँ सुदामा नाम के दरिद्र ब्राह्मण अपनी पत्नी के कहने पर अपने बचपन के मित्र और द्वारका के राजा कृष्ण से मिलने जाते हैं। अपनी पत्नी से उधार लिए सत्तू का उपहार लेकर पहुँचे सुदामा का कृष्ण आंसुओं से पैर धोकर स्वागत करते हैं और उसे बदले में दो मु_ी चावल के बदले दोनों लोकों की संपत्ति दे देते हैं।

## भव्य आतिशबाजी के साथ रावण और कुंभकरण के पुतलों का दहन आज

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित दशहरा महोत्सव को लेकर गुरूवार को दशहरा मैदान में 51 फीट रावण व 41 फीट कुंभकरण के पुतलों का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन होगा। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि निवाई में जिले का ऐतिहासिक मेला आयोजित होता है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को दोपहर 2 बजे भगवान श्रीराम को भव्य विजय जुलूस गणगौरी बाजार स्थित श्री रघुनाथ जी के मंदिर से रवाना होगा। विजय जुलूस का शाम 5 बजे बस स्टेण्ड पर पंहुचने पर मुख्य स्वागत द्वारा पर अतिथियों द्वारा पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया जाएगा। शाम 6 बजे दशहरा मैदान में रावण अंगद संवाद होगा। उसके बाद 6:30 बजे जयपुर मशहूर शौरगरों द्वारा भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद रावण व कुंभकरण के पुतलों को भगवान श्रीराम अग्रिबाण से भेदित करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव को लेकर नगरपालिका द्वारा प्रताप स्टेडियम में 6 अक्टूबर तक एक से बढकर एक कार्यक्रम आयोजित होंगे। दशहरे मेले को लेकर रक्तांचल पर्वत पर स्थित किले की दीवार पर स्वचालित लाईटों से आकर्षक डेकोरशन करके सजाया गया है। इसी प्रकार अहिंसा सर्किल, पुराने नगर पालिका भवन, अधिशासी अधिकारी आवास व नगरपालिका भवन को स्वचालित लाईटों से सजाया गया है। शहर में बस स्टेंड, जमात, पुराना चुंगी नाका व अहिंसा सर्किल पर विशाल स्वागत द्वार बनाएं गए हैं। दशहरा महोत्सव को लेकर स्वचालित लाईटों से संपूर्ण निवाई शहर जगमगा रहा है।

## गांधी जयंती आज: भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत होंगे कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बुधवार को जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर 2 अक्टूबर को सेवा पखवाड़ा के तहत अंतिम कार्यक्रम के रूप में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाने पर चर्चा की, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार को गांधी जयंती पर आयोजित होने वाली संगोष्ठी में चार विषयों पर मुख्य चर्चा होगी। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा।

## अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त करना ही सच्ची विजयदशमी मानना है- बीके मोहिनी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** दशहरे के पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रमुख राजयोगिनी बीके मोहिनी ने कहा कि अपनी ज्ञानेंद्रियों और कर्मेंद्रियों पर विजय प्राप्त करना ही सच्ची विजयादशमी मनाना है तभी हम दैवीय स्वरूप बनते जायेंगे।उन्होंने कहा कि आज प्रवृति में रहते हुए पांच विकार नर में है और पांच विकार नारी में हैं, यह दस विकारों का प्रतीक ही रावण को दस सिर दिखाते हैं और जब एक को काटते हैं, तो दूसरा आ जाता है। ऐसे ही मनुष्य जब एक बुराई को छोड़ता है तो दूसरी उस पर हावी हो जाती है,परंतु इन सब का मूल है देह अभिमान जिसको समाप्त करके ही हम इन विकारों पर जीत का सकते हैं।

उन्होंने बताया हम हर साल दशहरा मनाते हैं, लेकिन क्या हम वाकई बुराइयों से मुक्त हो रहे हैं, या ये उत्सव बस एक खोखला वार्षिक अनुष्ठान मात्र हैं? जब हम दुनिया पर नजऱ डालते हैं, तो पाते हैं कि बुराइयों पर विजय पाने की बजाय, लोग उनके गुलाम बनते जा रहे हैं। बढ़ता भ्रष्टाचार, अनैतिकता और भौतिकवाद एक बढ़ते हुए शून्य का संकेत देते हैं जिसे संपत्ति और भौतिक सुखों से भरने की कोशिश की जा रही है। हमारे जीवन में बुराइयों का बढ़ता प्रभाव अनजाने में दशहरे के लिए बनाए जाने वाले रावण के पुतलों के आकार में झलकता है, जो हर साल बढ़ते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केवल लकड़ी और पुआल के पुतले जलाने से हमें बुराई पर विजय नहीं मिलेगी। यह केवल आध्यात्मिक प्रयास से ही प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि रावण को एक तरफ मूर्ख बताते हैं तो वही उसको पढ़ा लिखा और विद्वान भी बताते हैं साथ यह भी बताते हैं कि वह प्रकृति के पांचो तत्वों को अपने अधीन कर लिया था वास्तव में वर्तमान के मनुष्य कि मनोस्थिति का चित्रण किया गया है।रामायण में वर्णित युद्ध हमारे मन में हमारी उच्चतर आत्मा और हमारी कमज़ोरियों के बीच चल रहे संघर्ष का एक रूपक है। ईश्वर हमें बुराई का प्रतिरोध करने की शक्ति और अपनी वास्तविक पहचान के अज्ञान से उत्पन्न छल-कपट से बचने की बुद्धि देकर इस संघर्ष में हमारी सहायता करते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस: निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु रुक्मणी वृद्धाश्रम रिको एरिया खैरदा, सवाई माधोपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।

आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ. अतुल कुमार जैन, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. गगन गौतम, फार्मासिस्ट पवन बैरवा, नर्सिंग स्टाफ हरिओम शर्मा तथा एएनएम छवि जांगिड़ द्वारा 64 लोगों की ब्लड प्रेशर, शुगर आदि जांचे की गई। साथ ही, खांसी, जुकाम, बुखार एवं अन्य मौसमी बीमारियों के संबंध में परामर्श प्रदान कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया । इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकारों, परिवार में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व एवं पारिवारिक सदस्यों की वृद्धजनों के प्रति जिम्मेदारियों, वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 एवं नालसा (वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवाएं) योजना 2016 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इसके साथ ही रुक्मणी वृद्धाश्रम के संचालक रविंद्र बसावतिया के सहयोग से वृद्धजनों का माल्यार्पण कर स्वागत, सम्मान किया गया एवं उन्हें कंबल वितरित किए गए। इस दौरान उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य भी उपस्थित रही । इसी प्रकार एडीआर सेंटर सवाई माधोपुर में भी वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पैनल अधिवक्ता राजेंद्र यादव एवं अभय कुमार गुप्ता द्वारा वृद्धजनों को माला पहनकर उनका सम्मान किया गया। पैनल अधिवक्ताओं ने बताया कि वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन मिले, इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा भी प्रयास किए जा रहे है।

वरिष्ठ नागरिकों को मुक्त कानूनी सलाह एवं सहायता प्रदान करने के लिए नालसा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवाएं योजना 2016 संचालित की जा रही है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक घर बैठे ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

### दीक्षार्थी अवनीश भाई द्वारा श्रीजी का पंचामृत अभिषेक

## णमोकार मंत्र के जाप से पाप नष्ट होते हैं:आचार्य वर्धमान सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ सहित अतिशय क्षेत्र टोंक नगर में विराजित है। आचार्य श्री के सानिध्य में बुधवार को अनेक धार्मिक अनुष्ठान प्रातः से लेकर रात्रि तक हुए जिसमें प्रातः काल दीक्षार्थी अवनीश भाई द्वारा श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। आचार्य श्री के प्रवचन के बाद 9 दिवसीय अखंड णमोकार मंत्र पाठ का समापन आचार्य वर्धमान सागर के सानिध्य में हुआ। अचार्य संघ की आहारचार्य के बाद दीक्षार्थी अवनीश भाई द्वारा करपात्र में भोजन ग्रहण किया गया।

दोपहर में संघ सानिध्य में वृहद प्रतिक्रमण प्रत्ययाखान कर दीक्षार्थी द्वारा गणधर वलय विधान की पूजन की गई।शाम को संपूर्ण समाज द्वारा बिनौरी शोभायात्रा निकाली जाकर दीक्षा की अनुमोदना हेतु श्रीफल,सूखे मेवे आदि से गोद भरी गई। प्रातः काल आचार्य श्री ने उपदेश में बताया कि जीवन परिवर्तनशील है संसारी प्राणी जन्म लेता है शरीर में आयु अनुसार बालपन, किशोर अवस्था ,युवक अवस्था प्रौढ़ और बुढ़ापा क्रम से आता है इसलिए जीवन में आयु परिवर्तन का महत्व समझना जरूरी है। हर पल हर क्षण हमारी आयु कम हो रही है । उन्होंने कहा कि दीक्षा व्यक्ति तभी लेता है वह संसार के दुखों से थक जाता है ।संसार उसे कष्टमय लगता है संसार के डॉक्टर जवाब दे देते हैं तब व्यक्ति अपनी जिन धर्म पर आस्था के कारण सबसे बड़े गुरु आचार्य परमेष्ठी के पास आता है और निवेदन करता है कि मुझे दीक्षा देकर जन्म मरण के रोग से छुटकारा दिला दो मैं दीक्षा लेना चाहता हूं ।दीक्षा जीवन में आमूल चूल परिवर्तन है, दीक्षा लेने से ड्रेस ,एड्रेस और लंच बदल जाता है। यह मंगल देश नाम आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने प्रथम आचार्य शांति सागर जी प्रवचन माला के अंतर्गत धर्म सभा में प्रकट किए। रा आचार्य श्री ने बताया कि अतिशय क्षेत्र टोंक नगर में 9 दिन अखंड श्री णमोकार मंत्र का पाठ संपूर्ण समाज ने आचार्य संघ सानिध्य में किया है इससे पाप कर्म से बचते हैं ,कर्मों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज ने भी अपने जीवन में 18 करोड़ से अधिक मंत्रों का जाप किया मंत्र जाप से मानसिक और शारीरिक कष्ट दूर होता है।जिस प्रकार पानी को रोक कर बांध बनाया जाता है उससे ऊर्जा प्राप्त होती है उसी प्रकार इस जीवन में संयम दीक्षा रूपी बांध से हमें पुण्य रूपी ऊर्जा की प्राप्ति होती है। बांध बनने से नदी का जलस्तर ऊंचा हो जाता है उसी प्रकार संयम धारण करने से हमारे जीवन में भी उन्नति प्राप्त होती है जिस प्रकार आप पानी को नीचे से ऊपर विद्युत पंप से चढ़ाते हैं उसी प्रकार जीवन में संयम रत्नत्रय धर्म रूपी विद्युत पंप से जीवन उन्नति को प्राप्त होता है। व्रत नियम से जीवन में उन्नति होती है। समाज प्रवक्ता पवन कंटान व विकास जागीरदार अनुसार मुनि श हितेंद्र सागर ने उपदेश मैं बताया कि 84 लाख मित्रों का राजा णमोकार मंत्र है। भावपूर्वक स्मरण सुनने करने से कुत्ता, बैल और अंजन चोर देवगति को प्राप्त हुए। धर्म सभा में प्रसिद्ध भामाशाह आरके मार्बल ग्रुप किशनगढ़ की 6 व्रत प्रतिमा धारी श्रीमती सुशीला अशोक पाटनी ने आचार्य श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीजी एवं आचार्य शांति सागर के एवं पूर्वाचार्यों के चित्र के समक्ष दीप प्रवज्जलन कर आचार्य श्री को जिनवाणी भेंट कर पूजन करने का सौभाग्य नमीष जैन अध्यक्ष पोरवाड़ समाज इंदौर, निर्मल छाबड़ा रायपुर ,राजेश पंचोलिया इंदौर पवन धनोते सनावद को प्राप्त हुआ। 2 अक्टूबर को प्रातः दीक्षार्थी के 5 केशलोच पश्चात मंगल स्नान होगा।श्री जी का अभिषेक करेंगे। संघ के आहार के बाद प्राप्त 10 बजे दीक्षा संस्कार किया जाकर दीक्षार्थी का नया नाम करण किया जावेगा ।सौभाग्य की बात है कि संघ के मुनि हितेंद्र सागर , आर्यिका निर्मोह मति, पद्मयश मति , दिव्ययश मती का भी विजयदशमी को दीक्षा दिवस है।

## वरिष्ठ संस्कृत सनातक अध्यापक आचार्य श्याम सुन्दर यादव को राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षक रत्न पुरस्कार से नवाजा गया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नव दिल्ली , शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दिल्ली एवं संस्कृत शिक्षक संघ दिल्ली प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षक रत्न पुरस्कार समारोह श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभागार में 28 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया है जिसमें राजकीय सर्वोदय सह-शिक्षा विद्यालय नसीरपुर साइट 1 के वरिष्ठ संस्कृत सनातक अध्यापक आचार्य श्री श्याम सुन्दर यादव को राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न , प्रशस्ति पत्र एवं संस्कृत साहित्य भेंट किया गया है। उनको यह सम्मान प्रोफेसर मुरली मनोहर पाठक कुलपति श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नव दिल्ली ,प्रो. रामनाथ झा आचार्य संस्कृत विभाग जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली,प्रो कमला भारद्वाज ,डा. ब्रजेश गौतम अध्यक्ष संस्कृत शिक्षक संघ दिल्ली , प्रधानाचार्य डा. वी दयालु महासचिव संस्कृत शिक्षक संघ दिल्ली उपरोक्त माननीय अतिथियों की गौरवमई उपस्थिति में डा. मुरली मनोहर पाठक कुलपति जी के कर कमलों से प्राप्त हुआ। आचार्य श्री श्याम सुन्दर यादव जी को यह सम्मान उनके 17 वर्षों से दसवीं कक्षा के शत-प्रतिशत परिणाम एवं पांच वर्षों के बारहवीं के शत-प्रतिशत परिणाम हेतु प्रदान किया गया है।

## शतायु पार मतदाताओं का प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव) ।** अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ जन दिवस के अवसर पर बुधवार को निर्वाचन विभाग की पहल के अनुसार शतायु पार 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को जिला मुख्यालय पर माल्यार्पण कर और मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र को भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण द्वारा छगन देवी निवासी आलमपुर, चिमली देवी निवासी बुटेरी, बनारसी देवी निवासी कंवरपुरा को माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि देश की निर्वाचन प्रक्रिया में निरंतर योगदान के लिए उन समस्त वृद्धजनों के प्रति निर्वाचन विभाग द्वारा कृतज्ञता व्यक्त की गई है जिनके द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर भारत के लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में जोश और समर्पण के साथ सहयोग दिया है।इस अवसर पर शहरी क्षेत्र कोटपुतली और बानसूर से बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर, कार्यालय से अनिल कुमार, रामबीर यादव, सुनील गुर्जर सहित कई लोग उपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि जो वृद्धजन जिला मुख्यालय पर आने में असमर्थ थे उन मतदाताओं को बीएलओ और सुपरवाइजर के माध्यम से उनके निवास पर माल्यार्पण और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। विभिन्न मतदान केंद्रों पर स्वीप गतिविधियां भी आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि जिले में शतायु पार मतदाताओं की संख्या कुल-239 है जिनमे विधानसभा कोटपुतली में 49, विराटनगर में 78, बहरोड़ में 33 और बानसूर में 79 हैं, जिनको इस अवसर पर सम्मानित किया गया है।

### शतायु मतदाताओं को मिला लोकतंत्र का सम्मान

**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शतायु (100 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वाले) मतदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यह आयोजन भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा ने शतायु मतदाताओं का तिलक कर एवं ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जयपुर द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में वरिष्ठ मतदाताओं की निरंतर भागीदारी और योगदान की सराहना की गई।

## लिटिल फ्लावर स्कूल में डांडिया महोत्सव का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के पुराना राजगढ़ रोड स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में नवरात्र महोत्सव व डांडिया महोत्सव बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक हेमंत सैनी ने बच्चों को नवरात्र के बारे में बताया गया कि नवरात्रि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और शक्ति की देवी माँ दुर्गा की पूजा करने के लिए मनाई जाती है। यह पर्व पौराणिक कथाओं में राजा महिषासुर पर माँ दुर्गा की विजय का स्मरण कराता है। भक्तों द्वारा माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करके अपने जीवन में सुख, शांति और सकारात्मकता लाने का प्रयास किया जाता है।

स्वच्छ अलवर अभियान

# दशहरा मैदान और शिव कॉम्प्लेक्स में डस्टबिन वितरण, दुकानदारों से की गई समझाइश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** स्वच्छ अलवर अभियान को मजबूत करने की दिशा में, आज नगर निगम ने दशहरा मैदान के आस-पास और शिव कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण जागरूकता और डस्टबिन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसका मुख्य उद्देश्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों के मालिकों को उनके आसपास के क्षेत्र को साफ रखने की जिम्मेदारी समझाना था।

नगर निगम की टीम ने दुकानदारों को डस्टबिन सौंपे और उन्हें सख्त निर्देश दिए कि वे कूड़े को सडक़ या सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने के बजाय केवल इन डस्टबिन का ही उपयोग करें। अधिकारियों ने जोर दिया कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए जनता का सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

### स्वच्छता के लिए एकजुटता

यह अभियान प्रशासन और समाज के




सहयोग का बेहतरीन उदाहरण था। इस अवसर पर एडीएम सिटी, बीना महावर, नगर निगम आयुक्त, जीतेंद्र नरूका, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष हरमीत मेंहदीरत्ता, पुरुषार्थी समाज के सदस्य व अन्य जागरूक नागरिक मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त जीतेंद्र नरूका ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल निगम का काम नहीं है; यह हर नागरिक का कर्तव्य है। वहीं, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष हरमीत मेंहदीरत्ता ने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे इस पहल का समर्थन करें, क्योंकि एक साफ बाज़ार व्यापार के लिए भी सकारात्मक माहौल बनाता है।

### अगला कदम: नियमित सफाई और जागरूकता

नगर निगम ने यह संकेत दिया है कि यह अभियान शहर के अन्य व्यस्त इलाकों में भी चलाया जाएगा। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि जागरूकता के बाद भी यदि कोई सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ जुर्माना या अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। यह कार्यक्रम इस बात को रेखांकित करता है कि अलवर प्रशासन अब जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ रहा है ताकि शहर को वास्तव में स्वच्छ बनाया जा सके।

## सेवा पखवाड़ा के तहत केलवा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढक़र लिया हिस्सा




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) के अंतर्गत सोमवार को विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर केलवा स्थित स्व. शाह भेरूलाल राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।शिविर का शुभारंभ राजसमंद जिला प्रमुख अरविंद सिंह राठौड़ ने स्वयं रक्तदान कर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि युवाओं के उत्साह और सहयोग से ही जिले में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल पा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत श्री निर्मल राम महाराज और करणवीर सिंह राठौड़ रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया, लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी हनवंत सिंह चौहान, भामाशाह तनसुख बोहरा तथा केलवा थाना अधिकारी लक्ष्मण बिश्नोई ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कुल 75 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। रक्तदान शिविर में विशेष उत्साह देखने को मिला। जितेंद्र महात्मा ने 41वीं बार रक्तदान किया, वहीं दिव्यांग गोपाल पालीवाल ने 26वीं बार रक्तदान कर मिसाल पेश की। इसके अलावा विनोद पालीवाल एवं उनकी पत्नी जया पालीवाल तथा मोहन-रेखा दंपती ने सपत्नी रक्तदान कर प्रेरणा दी। उल्लेखनीय है कि 35 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया।शिविर को सफल बनाने में स्वच्छ केलवा हरित केलवा टीम तथा स्वामी विवेकानंद युवा मंडल के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान लालूराम सिंदल, महेंद्र कोठारी, रमेश देवड़ा, रमेश बोराना, कमलेश पालीवाल, महेंद्र रैगर, संजय सांवरिया, भवानी शंकर, जितेंद्र, अनिल पालीवाल, विपुल, अशोक, मुकेश, अजय पालीवाल, कुनाल, ज्योति, महात्मा, मीना रजक आदि का विशेष योगदान रहा।जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया ने समापन अवसर पर कहा कि यदि हर स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान करे तो कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु से रक्तदान शुरू करने वाला व्यक्ति अपनी रक्तदान योग्य उम्र तक लगभग 250 लोगों की जान बचा सकता है।शिविर में ब्लड बैंक प्रभारी, वेलकम ग्रुप के आशीष पालीवाल, छोगा लाल गमेती, अनिल और पूरी टीम ने सहयोग प्रदान किया। गणमान्य नागरिक नरेंद्र बोहरा, देवीलाल सिंधल, नानालाल सिंधल, हेमराज सिंधल, निर्भय नारायण पुरोहित, मांगीलाल तेली, सांवरमल जाट, ममता पालीवाल एवं छगन सुथार भी उपस्थित रहे।

## बैराठ माताजी उसरवास में ज्वारा विसर्जन के दौरान उमड़ा जनसैलाब

### पाती विसर्जन संग नवरात्री अनुष्ठान




बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा (नि.स.)।** तहसील मुख्यालय के समीपवर्ती ऊसरवास गांव में बिराजित शक्तिपीठ बैराठ माता मंदिर पर दस दिन से चल रहे शारदीय नवरात्रि के अनुष्ठान बुधवार को शोभायात्रा और ज्वारा विसर्जन के साथ सम्पन्न हुए। इससे पहले हुए रात्रि जागरण पर पुजारी इंदरलाल बारेठ, कल्पेश बारेठ, भेरूलाल बारेठ ने माताजी को विशेष श्रृंगार धराया और पूजा अर्चना के साथ अर्द्ध रात्रि में महा आरती की गई।

इस दौरान माताजी को छप्पन भोग मनोरथ भी हुआ। ज्वारा विसर्जन मै उसरवास के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित आस पास के गावों के श्रद्धालुओ का जन सैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार सुबह बैराठ माता मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान शुरू हुआ। उसके बाद साढ़े दस बजे ज्वारा विसर्जन को लेकर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे युवा ध्वजा निशान लेकर चल रहे थे उनके पीछे नंगार खाना, घोड़े ओर ऊंट के साथ ही ढोल नगाड़े की थाप पर विभिन्न समाज की शामिल महिला पुरूष, युवक युवतियां माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में बैंड की सुर मधुर माता के भजनों गीतों पर महिलाए एवं पुरुष नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए तलाई पहुंची। जहां विधि-विधान से ज्वारा विसर्जन के साथ सरोवर स्नान कराया गया। माताजी को सरवर स्नान कराने के बाद आने वाले वर्ष के लिए गांव में पशुओं एवं लोगों में कोई बीमारी नहीं हो एवं अगले वर्ष अच्छी बारिश हो फसलों में कोई नुकसान ना हो एसी मन्नत के साथ श्रद्धालुओं ने माताजी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद तलाई से पुनः शोभायात्रा पुनः मंदिर पहुंचे, जहां माताजी की आरती कर महाप्रसादी के साथ महोत्सव का समापन हुआ। इस दौरान पुजारी देवीलाल सुथार, सोहन सिंह, अर्जुनलाल कुमावत, राहुल आचार्य, देवीलाल गायरी, परसराम बारेठ, चुन्नीलाल सुथार सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

डॉ. देशबंधु गुप्ता के जीवन पर डाला प्रकाश

# लुपिन फाउंडेशन का 37वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन,अलवर द्वारा बुधवार को पटेल मैरिज गार्डन,मालाखेड़ा में संस्था का 37 वाँ स्थापना दिवस समारोह व गांधी जंयती का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि लुपिन सीएसआर की हैड़ तुषारा शंकर, विशिष्ट अतिथि,कृषि विषय विशेषज्ञ राकेश कुमार,पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. मुरारी लाल, पोषण विशेषज्ञ मनीष मेहरा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया ।

कार्यक्रम में संस्था के स्टेट हैड अनिल गुप्ता बताया कि लुपिन फाउण्डेशन की स्थापना वर्ष 1988 में हुई जिसका आज 37वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है इस अवसर पर उन्होने बताया कि वर्तमान में संस्था प्रारम्भ होने से आज तक नो राज्यों में ग्रामीण विकास के कार्य कर रही है अलवर जिले में आजीविका विकास एंव स्वास्थ्य पर विशेष कार्य कर रही है तथा पब्लिक प्राईवेट कम्यूनिटी पर आधारित कार्य करने व ग्राम स्तरीय संस्थाओं की आवशयकता




है जिसमें मुख्यत कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से ही विकास कार्य संभव है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा दिये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से किसानों की आय में 25 प्रतिशत तक वृद्धि करने का लक्ष्य है।

लुपिन फाउण्डेशन की सीएसआर हेड तुषारा शंकर ने स्थापना दिवस डॉ. देशबंधु गुप्ता के जीवन पर प्रकाश डाला, फाउंडेशन के उद्देश्य 8 राज्य में 15 लाख किसान के साथ काम कर रहे हैं। 5 मोबाइल वैन के बारे में जानकारी, सक्षम कार्यक्रम के बारे में जानकारी एफपीओ का उद्देश्य किसान की भागीदारी, सभी सुविधाओं के लिए सभी की जानकारी, एफपीओ सदस्य कृषि इनपुट या उत्पादन के बारे में जानकारी, उत्पादकता, विपणन एवं स्वास्थ्य गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी और स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कृषि विषय विशेषज्ञ, राकेश कुमार ने कृषि विभाग की मुख्य सरकारी योजना और मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी , पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. मुरारी लाल कृत्रिम गर्भाधान , पशु टीकाकरण, व विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पोषण विशेषज्ञ मनीष मेहरा ने लोगों की आयु, स्वास्थ्य स्थिति, जीवनशैली और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए संतुलित आहर की जानकारी दी । विशेषज्ञों का मानना है कि सही पोषण ही स्वस्थ जीवन की नींव है। आज के समय में जंक फूड, तनाव और असंतुलित दिनचर्या के कारण शरीर कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है। इस समारोह में संस्था द्वारा संचालित एबल परियोजना एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले , प्रगतिशील कृषको व संस्था के कार्यों में निस्वार्थ सहयोग देने वाले ग्रामवासियों कों सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में राजगढ़, मालाखेड़ा ब्लॉक के 200 से अधिक प्रगतिशील महिला व पुरुष कृषकों, स्वास्थ्य,एबल परियोजना के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में एबल व स्वास्थ्य परियोजना के मानवेंद्र शर्मा,दीनबंधु, दीपक महाजन, महावीर प्रसाद, भगवान सहाय,सुनील कुमार एंव संस्था के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया व मंच का संचालन मनोज जैन ने किया ।

## वृद्ध जनदिवस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (नि.स.)।** अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2025 पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विधानसभा डग श्रद्धा गोमे द्वारा 100 वर्षीय मतदाता रतनबाई निवासी भवानीमंडी का घर जाकर पुष्पहार पहनाकर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान अधिकारी द्वारा मतदाता से उनके निर्वाचन सम्बन्धी अनुभव की जानकारी ली साथ ही आगे भी सभी निर्वाचनो में राष्ट्र के वरिष्ठ मतदाता के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया।

## रामगंजमंडी के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल मीणा एपीओ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** पशुपालन विभाग, राजस्थान ने प्रशासनिक कारणों से रामगंजमंडी पशु चिकित्सालय में कार्यरत वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार मीणा को एपीओ कर दिया है। आदेशानुसार अब उनका मुख्यालय जयपुर स्थित निदेशालय, पशुपालन विभाग रहेगा। यह आदेश शासन संयुक्त सचिव दिनेश कुमार जांगिड़ द्वारा जारी किए गए हैं। आदेश की प्रतिलिपि माननीय पशुपालन मंत्री के विशिष्ट सहायक, शासन सचिव, निदेशक पशुपालन विभाग जयपुर तथा संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिन पर रतकांकरा में हुआ कन्या भोज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** कांग्रेस पार्टी के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिन और रामनवमी-नवरात्रि के पावन



अवसर पर ग्राम रतकांकरा में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कन्या भोज का आयोजन हुआ। उपमहापौर नगर निगम कोटा दक्षिण एवं वार्ड 08 के पार्षद श्री पवन मीणा ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया । और प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा के दीर्घायु, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान चेतन यादव, रवि मीणा (हाड़ौती), शिवप्रकाश नागर, नेवागिस अली, राधेश्याम वेदी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने कन्या भोज में भाग लिया और डोटासरा जी के जन्मदिन पर शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। पवन मीणा ने कहा कि डोटासरा जैसे नेतृत्वकर्ता का जन्मदिन होना कांग्रेस परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती, जनता की समस्याओं के समाधान और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने के कांग्रेस के संकल्प को दोहराया। ग्रामीणों ने भी कन्या भोज के आयोजन की सराहना की और इसे धार्मिक आस्था व सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बताया। दशमी को होगा दशानन के दंभ का दमन।

## मिट्टी से बने रावण को पैरों तले रौंदेंगे जेठी पहलवान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** कोटा के नान्ता इलाके में रावण वध का अनूठा आयोजन किया जाता है आयोजन की प्रमुख विशेषताएं अखाड़े की



मिट्टी को इक_I करके बनाया गया रावण के विशाल पुतला होता है। जिसे पूर्व राजघराने के मल्ल,पहलवान जेठी समाज के लोग अपने पैरों से रौंद कर संपन्न करते हैं। साल भर अखाड़े की मिट्टी में शारीरिक कसरत करने वाले जीटी समाज के लोग नवरात्र के दिन से ही रावण का एक पुतला बनाने की तैयारी में जुड़ जाते हैं जिस पर गेहूं के जवारे लगाकर बाद में इसे तैयार कर लिया जाता है। रावण वध आज विजयदशमी के सुबह प्रात: 9.30 बजे शुभ मुहूर्त देखकर समाज के युवा वह बच्चे पहलवानी करतब करते हुए अखाड़ा जहां पर की रावण का पुतला बनाया गया है वहां पहुंचते हैं इसके बाद एक साथ रावण के पटल पर टूट पड़ते हैं और पैरों से ठोकरे मार मार कर अहंकारी रावण के दंभ का नाश कर देते हैं।

## मंशापूर्ण माता मंदिर में भव्य महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** महावीर नगर विस्तार योजना स्थित मंशापूर्ण माता मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य महाआरती और



विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । मंदिर समिति के अध्यक्ष विशेष त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से मंशापूर्ण माता मंदिर में महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत कन्याओं को भोजन कराकर एवं उन्हें उपहार वितरित करके की गई। इसके बाद भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर माता जी का विशेष श्रृंगार भी किया गया। इस आयोजन में आस-पास के क्षेत्र से श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं।

## राष्ट्रीय दशहरा मेला-2025 : दशहरा मैदान पर आयोजित ड्रोन शो ने जगाई देशभक्ति की अलख, वंदे मातरम एवं भारत माता के जयकारों से गुंजायमान हुआ मेला ग्राउंड

# भजन गायक हंसराज की स्वर लहरियों से सराबोर हुआ दशहरा मेला

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं राष्ट्रीय दशहरा मेला में मेला आयोजन समिति संरक्षक, पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के निर्देशन में मीरा रंगमंच पर आयोजित की जा रही रंगारंग सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत मंगलवार की रात्रि भक्ति, संगीत और देशभक्ति के अद्भुत संगम के रूप में यादगार रही। मीरा रंगमंच पर हिमाचल के लोकप्रिय गायक हंसराज रघुवंशी ने जैसे ही अपनी गायकी का जादू बिखेरा, हजारों की संख्या में मौजूद श्रोता उनके साथ सुरों की गंगा में बहते चले गए। नगर परिषद निम्बाहेड़ा आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा ने बताया कि रघुवंशी ने शुरुआत प्रसिद्ध भजन जय शिव शंकर से की, जिसे सुनकर उपस्थित भक्तगण झूम उठे और तालियों की गडग़ड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। इसके बाद जब उन्होंने ओम नमः शिवाय, ओम नमः शिवाय गाया तो मंच के सामने बैठे युवा और महिलाएं भक्ति रस में झूमते हुए गीत के बोल दोहराने लगे। हंसराज रघुवंशी की आवाज में शंकरा-शंकरा, महादेव शंकरा गूंजते ही पूरा वातावरण दिव्यता और श्रद्धा से भर गया। कार्यक्रम के आरम्भ में भव्य ड्रोन शो का आयोजन



किया गया। जैसे ही आकाश में तिरंगे का रूप बनता गया और भारत माता व सैनिकों की झांकी उभरकर आई, पूरा मेला ग्राउंड भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस शो को देखकर रोमांचित हुए। हजारों मेलार्थियों की उपस्थिति में आयोजित ड्रोन शो ने देश प्रेम की अलख जागते हुए हर शख्स को देशभक्ति की गंगा में बहा ले गया।

### जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर की कार्यक्रम की शुरुआत

राष्ट्रीय दशहरा मेला के नवें दिन मीरा रंगमंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आगाज पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पंस निम्बाहेड़ा प्रधान बगदीराम धाकड़, श्री सांवलिया जी मंदिर मण्डल ट्रस्ट के अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी तथा जेके सीमेंट निम्बाहेड़ा व मांगरोल के टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एच आर हेड प्रभाकर मिश्रा, कॉमर्शियल हेड रावेन्द्र गर्ग एवं माइंस हेड यतेंद्र शर्मा आदि सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन एवं मां शेरावाली के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व नगर महामंत्री विरेश चपलोत, नगर परिषद प्रशासक एवं एसडीएम विकास पंचौली, आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, नीलेश मेहता, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री शैलेन्द्र पाटीदार, राधेश्याम टेलर, उपाध्यक्ष जगदीश माली, नरेश आमेटा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महेंद्र जाखड़, जिप सदस्य प्रतिनिधि गणेश धाकड़ कनेरा सहित जेके सीमेंट के भुवनेश सिंह, दुष्यंत सिंह, जितेंद्र सिंह शक्तावत, श्याम शर्मा, पुलकित गौर, संदीप चौधरी, राहुल कुमार सिंह, शिवपाल सिंह एवं घीसालाल स्वामी आदि ने अतिथियों का उपरना ओढाकर एवं मेवाड़ी परंपरा के अनुसार पगड़ी पहनाकर तथा गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। ततपश्चात अतिथियों एवं मेजबान ने मिलकर भजन गायक हंसराज रघुवंशी का उपरना, शॉल एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

# 69 वी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के कोटा में हुये रोमांचक लीग

## नान्ता के वीडीडी स्टेडियम स्टेडियम मे आयोजित हुये फुटबाल मुकाबलों मे भिड़ी टीमें

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड)।** कोटा में आयोजित किये जा रहे 69 वी राज्य स्तरीय विद्यालय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक छात्र 17 वर्षीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आज तीसरा दिन काम आगे जोरदार रहा । लीग स्तर की टीमों का मुकाबला दो नंबर ग्राउंड वीर दुर्गादास स्टेडियम नांता कोटा में संपन्न हुआ। चल रहे खेल के दौरान निर्णायक मंडल के कुल 10 सदस्यों ने आज के दिन के खेल का कार्यक्रम संभाला। इसमें निदेशालय शिक्षा बीकानेर से दो विशेष नियुक्त किए गए,शारीरिक शिक्षक रामनिवास और ललित सिंह ने सभी टीमों के बीच व कोचों को निर्देशित व समन्वित करते हुए आज के दिन का खेल समापन करवाया । कोटा डीईओ ऑफिस से ओम सारण । रामनिवास भी मैदान पर रहे। पूरे दिन में 18 टीमों द्वारा कुल 9 लीग मैच खेले गए। पहला मैच स्पोर्ट स्कूल बीकानेर वर्सेस ब्यावर के मध्य खेला गया जिसमें स्कूल स्पोर्ट बीकानेर ने 6-0 से जीत दर्ज की। दूसरे मे बालोतरा बनाम झुंझनु मे झूंझुनु ने 5-0 से बढ़ बना जीत दर्ज की। तीसरे मैच मे बीकानेर बनाम जैसलमेर में बीकानेर ने 3-0, चौथे मैच में डिडवाना कुचामन-खैरथल तिजारा के बीच हुआ जिसमें खैरथल तिजरा ने 1-0 से जीत दर्ज की। पांचवा मैच सीकर -जनजाति छात्रा वास में सीकर ने 15-0 , छटवे मैच मे प्रतापगढ़ - स्पोर्ट स्कूल बीकानेर के बीच खेला गया जिसमें सपोर्ट स्कूल बीकानेर 4-0 से प्रतापगढ़ पर जीत दर्ज की । सातवा मैच बालोतरा बांसवाड़ा के बीच में खेला गया जिसमें बांसवाड़ा ने 6 -0 से जीत दर्ज की। आँठवे मैच बीकानेर धोलपुर के बीच अनिर्णायक रहा। रोमांचक मुकाबला धौलपुर व बीकानेर के बीच रहा जिसमें दोनों ही टीम में करो या मरो की स्थिति में थी,मैच ड्रॉ रहा। नवां मैच कोटा छात्रावास बनाम जनजाति छात्रावास के बीच संपन्न हुआ जिसमें कोटा टीम 14 गोल के साथ दमदारी से विजई हुई।

### खिलाडियों के बीच हुई हल्की हाथापाई

एक बारगी तो दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में ही उलझ पड़े मैदान पर ही हाथापाई की स्थिति बन गई जब बीकानेर की टीम के खिलाड़ी द्वारा धौलपुर के 12 नंबर जर्सी पहने खिलाडी पर हमला कर दिया गया।

रेफरी ने दोनों को रेड कोऑर्डिनेटर नोटिस देकर खेल से बाहर किया वहीं बाकी खिलाडियों को मौके पर उपस्थित इजुकों के दर्द द्वारा शांत कराकर फुटबॉल कप मैच पूरा कराया गया।

### चिकित्सा दल भी रहा मौजूद

प्रशासन की तरफ से मौके पर एक नर्स की व्यवस्था की गई थी खेल में हल्की-फुल्की चोटे लगने के बाद प्राथमिक उपचार के रूप में सेवाएं दी।

## हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में धधकते अंगारों पर निकले माता के घोड़ले



बढ़ता राजस्थान

**मिश्रोली (नि.स.)।** नवरात्रि के पावन पर्व पर जिले की सबसे ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता अन्नपूर्णा रानी मंदिर परिसर बुधवार को श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। दोपहर 12 बजे की आरती के बाद अन्नपूर्णा माता मंदिर से बैंड-बाजों के साथ घोड़लों की शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में लाल बाई माता के घोड़ले शामिल रहे। कस्बे के विभिन्न मंदिरों से गुजरती हुई यह यात्रा श्रद्धालुओं के उत्साह और जयकारों से गूंज उठी।

### धार्मिक अनुष्ठान और श्रृंगार

शोभायात्रा के दौरान अलग-अलग स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मथुरालाल पटेल के यहां माता के वस्त्र धारण, कनीराम नागर के यहां श्रृंगार और ठाकुर भूपेंद्र सिंह चंद्रावत ने घोड़लों की आरती की गई।हजारों श्रद्धालुओं ने जय माता दी के गगनभेदी नारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### सवा हाथ चौड़ी, नौ हाथ लंबी और सवा हाथ गहरी चूल से निकले घोड़ले

शोभायात्रा के समापन पर पहाड़ी पर बने चबूतरे पर अग्नि स्नान अनुष्ठान हुआ। करीब डेढ़ क्विंटल लकड़ी, 21 किलो सूखे नारियल और 51 किलो शुद्ध देसी घी से विशाल अग्निकुंड प्रज्ज्वलित किया गया। जयकारों के बीच माता रूपी घोड़ले धधकते अंगारों पर नंगे पैर चले और भक्तों को आशीर्वाद दिया।यह चूल सवा हाथ चौड़ी, नौ हाथ लंबी और सवा हाथ गहरी थी।

**गौवंश संरक्षण और समस्याओं पर मंथन**

# गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने ली बूंदी में समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को बूंदी कलेक्ट्रेट सभागार में गौशाला संचालकों, पशुपालकों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व, कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जिले के गौ सेवा संचालकों ने मंत्री कुमावत का साफा बंधवाकर, गौ माता की प्रतिमा भेंट कर और माल्यार्पण कर जोशीला स्वागत किया।

### गौशालाओं की समस्याओं पर त्वरित समाधान का आश्वासन

गौशाला संचालकों ने मंत्री कुमावत से गौशालाओं की प्रगति और विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इन समस्याओं में मुख्य रूप से चारागाह भूमि



पर अतिक्रमण, मृत गोवंश के उठाव की समुचित व्यवस्था, घायल पशुओं के लिए एंबुलेंस की कमी, और मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, छाया, चारा भंडारण और चारदीवारी की व्यवस्था शामिल थीं। मंत्री कुमावत ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया, ताकि गोवंश गौशाला में सुरक्षित रह सके। उन्होंने जोर देकर कहा, गौ सेवा करना हम सब मानव जाति का धर्म है और सभी लोगों को इसमें सहयोग करना चाहिए।

बैठक में मंत्री कुमावत ने बूंदी जिले में संचालित 6 अपात्र गौशालाओं की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने गौशाला संचालकों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित मापदंडों के अनुसार गोवंश की संख्या बढ़ाएं और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुचारु करें, जिससे उन्हें भी राज्य सरकार द्वारा अनुदान मिल सके। उन्होंने सडक़ों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को भी गौशाला में भर्ती कराकर उनकी देखभाल करने पर ज़ोर दिया।

### जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

मंत्री ने पशुपालकों को मोबाइल वेटरनिटी 1062 हेल्पलाइन, गौशाला विकास योजना के तहत अनुदान, और मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशु हानि होने पर मिलने वाली मुआवजा राशि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, उन्होंने लम्पी रोग की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की।

# डॉ. दिगम्बरसिंह प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह

## खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और एकजुटता का देते हैं संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भरतपुर जिले की नदबई तहसील के लुधावई टोल सेवर स्थल पर बुधवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. डॉ. दिगंबर सिंह की जयंती अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं प्रो कबड्डी प्रतियोगिता समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ नेता श्री राजेंद्र राठौड़ तथा जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा एवं डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर दोनों गणमान्य अतिथियों ने डॉ. दिगंबर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. दिगंबर सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनहित और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी। उनकी सोच और कार्यशैली आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोडने और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि डॉ. दिगंबर सिंह न केवल एक सशक्त राजनेता थे बल्कि जनता के बीच गहरी पैठ रखने वाले जनसेवक भी थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राठौड़ ने इस अवसर पर युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. सिंह के आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर समाज की सेवा करें। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत आयोजित प्रो कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में खिलाडियों का उत्साह देखने लायक था। प्रतियोगिता में अन्य राज्यों एवं जिलेभर की कई टीमों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी, जिसमें विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर खिलाडियों को संबोधित करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और एकजुटता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज को मिलकर ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए प्रयास करने चाहिए।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से युवा सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास प्राप्त करते हैं, जिससे वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया और आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि डॉ. दिगंबर सिंह की जयंती को इस प्रकार यादगार बनाना उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है।

समारोह में गिरधारी तिवारी, सत्येन्द्र गोयल, मोहन रारह, बृजेश अग्रवाल, अरविन्द पाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्रामीण और युवा मौजूद रहे।

# पुलिस ने पकड़ा छाबड़ी पुरा में अरुण हत्याकांड का फरार आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 4 महीने से फरार चल रहे हत्याकांड के एक आरोपी को बिजौली गौशाला होटल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से पुलिस हत्याकांड को लेकर पूछताछ की जा रही है।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में थाना क्षेत्र के छाबड़ी पुरा गांव में 26 मई को एमपी के गोरमी जिला निवासी युवक अरुण सिंह पुत्र जसवंत गुर्जर की गोली लगने से मौत हुई थी। घटना को लेकर परिजनों द्वारा सदर थाने पर धारा 91(2,3),190,115,126,103 बीएनएस में हत्या का मामला दर्ज कराया था। उक्त घटना को लेकर पुलिस फरार आरोपी अजीत पुत्र परिमाल गुर्जर निवासी छावड़ी पुरा की तलाश कर रही थी।

# 60 मेधावी छात्र छात्राओं को श्री राम फाइनेंस ने प्रदान की छात्रवृति



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग मे नगर रोड स्थित श्री राम फाइनेंस लिमिटेड के सौजन्य से भगवान सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 60 मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा चैक द्वारा छात्रवृती प्रदान की गई।

संस्था द्वारा सातवीं,आठवीं,नवमी के छात्र-छात्राओं को छात्र वृति के रूप में 4000, दसवीं, 11वीं के छात्र-छात्राओं को 4500 रुपए की राशि स्कॉलरशिप के रूप में प्रदान की गईद्य मुख्य अतिथि केदार सिंह थे। संस्था के ब्रांच मैनेजर राकेश सिंह नरूका ने कहा कि संस्था द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए के लिए हर साल प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती हे। संस्था की इस पहल से छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ेगा उनका आत्मबल एवं आत्मसम्मान बढ़ेगा। इस दौरान हेतराम सिंह , अमित कुमार कृष्ण वीर, रंजीत,मलिक,पंकज, उत्कर्ष, भूपेंद्र, गायत्री,पीएलवी प्रियंका शर्मा ,छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे । संचालन पैनल अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा ने किया।

# डोटासरा के जन्म दिन पर कांग्रेस कार्यकर्ता ने किया वृक्षारोपण और मरीजों को बांटे फल



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्म दिन पर जिला अध्यक्ष

स्वेता यादव के नेतृत्व में डीग शहर में वृक्षारोपण किया। इसके बाद महिला कार्यकर्ताओं ने जयपुर पहुंच कर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा को जन्म दिन की बधाई दी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी खोह जनूथर के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के अध्यक्ष डोटासरा का जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनूथर पर मरीजों को फल वितरण कर उनकी लंबी आयु की कामना की । इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, पूर्व सरपंच सतवीर सिंह, भरत सिंह देशवाल ,छीतर सिंह पूनिया, राजवीर चौधरी केहरी सिंह परमानंद शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शतायु मतदाताओं का सम्मान, लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाने का आह्वान



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश एवं अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन विभाग भरतपुर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया गया। कलक्टर कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बुद्ध की हाट निवासी 101 वर्षीय शतायु मतदाता गुम्भन सिंह को शॉल उडाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ मृदुल सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा तथा अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि जिन शतायु मतदाताओं ने पूर्व में होने वाले चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया है, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जा रहा है। भरतपुर जिले में कुल 202 शतायु मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में 10, नदबई में 71, वैर में 55 तथा बयाना में 66 मतदाता शामिल हैं। उपखंड स्तर पर भी इन शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र का मुख्य आधार मतदाता है और प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

# नगर पालिका द्वारा शहर के खेल मैदान पर होगा रावण दहन कार्यक्रम

### 51 फीट के रावण के साथ कुम्भकर्ण और मेघनाथ के मंगाए पुतले, राजस्थानी कार्यक्रम और भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया जायेगा विजयादशमी पर्व

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की नगर पालिका द्वारा गुरुवार को विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह रावण दहन शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर शाम 8 बजे होगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। दशानन रावण उसके भाई भाई कुंभकरण और पुत्र मेघनाथ के पुतले मंगाए गए है जिनको मैदान में लगाने की तैयारी की जा रही है।



नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी ने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम को लेकर तमाम तैयारियां पूरी की गई है। रावण दहन का पूरा कार्यक्रम अच्छे तरीके से आयोजित तो इसको लेकर अग्रवाल इवेंट ग्रुप का सहयोग लिया गया है। ग्रुप द्वारा पुतले भी पुतले मंगवा लिए हैं लेकिन बारिश से थोड़ी परेशानी पैदा हुई है। जल्द मौसम साफ होगा और रावण,कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले मैदान में लगाए जाएंगे। भव्य आतिशबाजी के साथ राजस्थानी कार्यक्रम भी रावण दहन से पूर्व आयोजन होगा। शहर के सभी नागरिकों से रावण दहन कार्यक्रम में भाग लेने और भव्य आतिशबाजी देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। अग्रवाल इवेंट ग्रुप के मैनेजर प्रद्युम्न अग्रवाल ने बताया की दशानन का पुतला 51 फीट का है। कुंभकरण,मेघनाथ के पुतले 31,31 फीट के हैं। इनमें आतिशबाजी को सेट किया जा रहा है। भव्य आतिशबाजी के साथ राजस्थानी कार्यक्रम, ब्रज की होली और फूलों की होली भी होगी। कार्यक्रम में सभी पार्षदगण,उपखंड के प्रशासनिक एवं अन्य अधिकारी, तमाम नागरिक और गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

**डॉ. व्यास बने धौलपुर अस्पताल के कार्यवाहक पीएमओ**

# डॉ. विजय सिंह की सेवानिवृत्ति पर मिली जिम्मेदारी, अस्पताल का समय भी बदला

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिला अस्पताल में डॉ. बी.डी. व्यास को कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति निवर्तमान पीएमओ डॉ. विजय सिंह की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। इसके साथ ही, अस्पताल के संचालन के समय में भी बदलाव किया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार जिला अस्पताल के समय में 1 अक्टूबर से परिवर्तन किया गया है। अब ओपीडी सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक संचालित होगी। छुट्टी के दिनों में अस्पताल सुबह 9:00 बजे से 11.00 बजे तक खुला रहेगा। डॉ. बी.डी. व्यास पहले अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। अब कार्यवाहक पीएमओ के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। वह अगले आदेश तक जिला



अस्पताल की सभी प्रशासनिक और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि धौलपुर जिला अस्पताल में पीएमओ पद को लेकर पिछले कई वर्षों से खींचतान चल रही थी, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित हुई थीं। नए कार्यवाहक पीएमओ से उम्मीद की जा रही है कि वे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार सुनिश्चित करेंगे।

# हाईवे के दोनों ओर निर्मित नालों की खुलवा कर करें सफाई- जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बुधवार को हाईवे पर जलभराव की समस्या का जायजा लेकर अधिकारियों को मौके पर बुला कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। दरअसल हाईवे के किनारे जल भराव से आमजन को काफी परेशानियां हो रही थी। इसी के अंतर्गत जिला कलक्टर खुद मौके पर पहुंचे तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को साथ में लेकर मौका स्थिति देखकर तत्काल प्रभाव से सही करने के निर्देश दिए। मौका निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पीएचईडी द्वारा पानी फिल्टर के दौरान बची हुई सिल्ट और पानी को नाले में छोड़ दिया जाता था, जो की धीरे-धीरे करके नाले में जमा हो गई और नाला पूरी तरह से चौक कर दिया जिस कारण बरसात का पानी सडक़ों पर बहने लगा। उन्होंने निरीक्षण के एनएचएआई अधिकारियों को उनके द्वारा हाईवे के दोनों निर्मित नालों को खुलवा कर उनकी सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यवाहक नगर परिषद आयुक्त गुमान सिंह, सहित एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

# शहर के मलक पाड़ा मोहल्ले में टूटी दरख्त पेड़ की शाखा,बिजली का पोल धराशाही

### रास्ता हुआ अवरुद्ध,बिजली व्ययवस्था हुई ठप्प,बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के मलक पाड़ा मोहल्ले में रमसो के खोखा मुख्य चौराहे पर बुधवार सुबह बरसों पुराना नीम के दरख्त पेड़ की दो शाखाएं भरभरा कर टूट गई। टूटी शाखाएं सीधे बिजली के पोल पर आकर गिरी। जिससे बिजलीं का पोल भी टूट गया। घटना के बाद पूरे मोहल्ले की बिजलीं तो बंद हुई ही,मुख्य रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। घटना के वक्त लोगों में अपरा तफरी मच गई।



गनीमत यह रही की विद्युत पोल और उस पर लगे बिजलीं के मोटे तारो के चलते बगल के मकान को कोई नुकसान नही हुआ यदि पोल नही होता तो पेड़ की शाखाएं सीधे दीवार पर गिरती और कोई भी बड़ा हादसा या जनहानि हो सकती थी। मलक पाड़ा मुख्य चौराहा निवासी अशोक महावर,शैलेंद्र शर्मा, नितिन तमोली, गोपाल महावर, पप्पू मंगल आदि ने बताया कि सुबह 6 बजे की यह घटना है। नीम का पेड़ बहुत पुराना है। उसकी शाखाएं जर्जर अवस्था में थी। अचानक दो शाखाएं भरभरा कर गिरी जो सीधे विद्युत पोल पर आकर टकराई और विद्युत पोल को भी तोड़ दिया। बिजली की लाइने भी टूट गई। घटना के वक्त मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए लेकिन गनीमत रही कि मकान की दीवार बिजलीं पोल ने बचा दी। अन्यथा कोई भी बड़ी घटना हो सकती थी।

**अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने शतायु मतदाता बाबूलाल को माला एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अन्तर्राराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाड़ा हैदरशाह में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में शतायु मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इन शतायु मतदाताओं की अहम भूमिका है, वे पूरी आबादी को मतदान के लिए प्रेरित करते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी से भेंट कर उत्साहित मतदाता रसीद ने उनसे हाथ मिलाया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शतायु मतदाता बाबूलाल पुत्र बेनीराम



चर्च के पास भामतीपुरा नयापुरा को माला पहनाकर सम्मानित किया एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी का प्रशस्ति पत्र सुपुर्द किया। शतायु मतदाता ने बताया कि वे हर चुनाव में मतदान करते आए हैं और मतदान के प्रति उत्साह इतना है कि गत लोकसभा निर्वाचन में होम वोटिंग के बजाय बूथ पर जाकर मतदान किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है जिले के शतायु मतदाता हमारे बीच मौजूद हैं। देश की निर्वाचन प्रक्रिया में उनके निरंतर योगदान के लिए हम इनके प्रति कृतज्ञ है। उन्होंने कहा कि शतायु मतदाता युवा मतदाताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने उनकी सुविधा के लिए होम वोटिंग, व्हीलचेयर, रैंप, कतार रहित मतदान जैसी कई सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। जिले में सभी ईआरओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ईआरओ कर्मवीर सिंह, जिला कॉर्डिनेटर स्वीप एवं जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार मंगल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लीग मैच में बूंदी ने करौली को एक पारी से हराया, सुपर लीग मुकाबले आज से



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** राज्यस्तरीय 69वीं (17-19) खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले जारी है। प्रतियोगिता को देखने के लिए दर्शको की भारी भीड़ लगी हुई है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को 17 वर्ष के लिए 40 व 19 वर्ष के लिए 42 लीग मैच करवाए। गुरुवार से सुपर लीग मैच शुरू होंगे। खो-खो प्रतियोगिता में 17 वर्षीय आयु वर्ग में पहला मैच बूंदी व करौली के बीच खेला जिसमें बूंदी की टीम विजेता रही। सलूम्बर वर्सेज जैसलमेर के बीच हुए मैच में जैसलमेर विजयी,डीडवाना-कुचामन और कोटपूतली-बहरोड़ मे कोटपूतली-बहरोड़ विजयी,झालावाड और जयपुर मे जयपुर एक पारी और 7 अंक से विजयी हुई। वहीं 19 वर्षीय आयु वर्ग में प्रातःकालीन पारी में बीकानेर वर्सेज चितोड़ के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में बीकानेर एक पारी और 8 अंक से विजेता रही।भीलवाड़ा वर्सेज सिरोही के बीच खेले गए मुकाबले में भीलवाड़ा,अन्य मुकाबलो मे सीकर,ब्यावर, हनुमानगढ़,कोटा,अलवर,पाली,नागौर,बूंदी, जयपुर,जोधपुर,चूरू, उदयपुर विजयी रहे। प्रतियोगिता संयोजक प्रकाशचंद धाकड़ व प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी पंकज जैन एंव देवकीनंदन शर्मा ने बताया कि सुपर लीग में 4-4 मुकाबले खेले जाएंगे। 3 मैच जीतने वाली टीम क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। वहीं हारने वाली टीमें प्रतियोगिता से बाहर होती जाएगी।शिक्षक वर्ग नैनवां की ओर से बुधवार को छात्राओं और कार्मिको के लिए अल्पाहार की व्यवस्था एंव पीएम सीनियर सैकंडरी स्कूल नैनवा की ओर से भोजन की व्यवस्था की गईं।

## नवरात्र अष्टमी पर भारत विकास परिषद ने बांटे 201 तुलसी गमले



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ब्यावर द्वारा नवरात्रा अष्टमी के पावन अवसर पर निःशुल्क 201 तुलसी गमलों का वितरण किया गया प्रकल्प प्रभारी दीपक कुमार झवर ने बताया कि सायं 6 बजे आशापुरा माता मंदिर पर 121 तुलसी गमले और रात्रि 9 बजे अमर कुंज, अजमेर रोड पर 80 तुलसी गमले दर्शनार्थियों को वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि तुलसी पौधा केवल पौधा नहीं, बल्कि आयुर्वेदिक औषधि है, जिसके सेवन से अनेक रोगों से मुक्ति मिलती है और यह हर घर में अवश्य होना चाहिए।अध्यक्ष सतीश सर्राफ ने कहा कि परिषद प्रतिवर्ष इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम करती है। इस बार 201 तुलसी गमले दीपक कुमार झवर एवं आदित्य पोली सेक प्रा. लि. लामाना के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए।वितरण कार्यक्रम में संरक्षक लक्ष्मणदास गुरनानी, अध्यक्ष सतीश सर्राफ, सचिव विकास गर्ग सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे और सहयोग किया।

## नैनवां में गाइड लाईन की अनदेखी करने वाले 5 जने गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** साईबर अपराधियो के विरूद्व कार्यवाही अभियान के तहत नैनवां पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मोबाईल सिम विक्रेताओ पर शिंकजा कसा है।ऐसे मोईबाइल सिम विक्रेता जो भारत सरकार के दुरसंचार विभाग द्वारा जारी गाइड लाईन की पालना नहीं करके उपभोक्ताओ को मोबाईल सिम बेच रहे है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि एसपी राजेन्द्र कुमार मीणा,एएसपी उमा शर्मा,डीएसपी राजूलाल मीणा के निर्देश पर साईबर पुलिस थाना बून्दी व नैनवां पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करके पांच आरोपियो को शांती भंग में गिरफ्तार किया गया है। सिम विक्रेताओ द्वारा बेची गई सिम से कई साइबर अपराध कारित हुए है। आमजन की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। सिम विक्रेताओ को चाहिए कि वे अपने पास एक रजिस्टर रखे। जिसमें सिम क्रय करने वाले के नम्बर,नाम पता एंव बेची गई सित के नम्बर अंकित होना आवश्यक है। जब कोई भी साईबर अपराध करता है,तो पुलिस रिर्कोड संधारण से जानकारी ले सकती है। अपराधियो में रविन्द्र कुमार निवासी नैनवां, असफाक मोहम्मद निवासी वाडर्. 13 नैनवां,लोकेश निवासी वाडर्. 7 नैनवां,रतिराम निवासी बाछोला, इमरान निवासी वाडर्. 12 नैनवां को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही टीम में थानाधिकारी कमलेश कुमार, मुकेन्द्रपाल, साईबर पुलिस थाना बून्दी,रामप्रताप विशनोई साईबर पुलिस थाना बून्दी,सुरजमल एंव बुधराज पुलिस कार्मिक मौजूद रहे।

## शिवसेना व भारतीय कांग्रेस बिग्रेड ने फूंका भाजपा प्रवक्ता का पुतला



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** शिवसेना भीलवाडा व भारतीय कांग्रेस बिग्रेड ने सूचना केन्द्र चौराहे पर राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने वाले भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेव का पूतला फूँक कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, वोट चोर गद्दी छोड के नारे भी बुलंद किए गए। शिवसेना के आशीष जोशी ने बताया कि पिछले ग्यारह सालो से जो पूंजीपतियों को समर्पित सरकार चल रही है वो वोट चोरी और भ्रष्टाचार से चल रही है जिसका खुलासा स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के पोते और स्व. राजीव गांधी के रक्त राहुल गांधी ने बकायदा प्रेस कांन्फ्रेस कर के किया है जो व्यक्ति अपने देश और संविधान को बचाने मे लगा है उसे सरेआम एक दो कोडी का भाजपाई प्रवक्ता सीने में गोली मारने की घोषणा करता है। शिवसेना भीलवाडा और भारतीय कांग्रेस बिग्रेड इसका विरोध करती है और साथ ही सरकार से उक्त भाजपाई प्रवक्ता पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग भी करती है।

### प्रबुद्धजन संवाद व दिव्यांगजन उपकरण वितरण समारोह सम्पन्न

# पीएम मोदी के नेतृत्व में बॉर्डर से दुबई में एशिया कप तक दिखा ऑपरेशन सिंदूर का असरः परनामी




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)** । सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को स्थानीय टाउनहॉल में प्रबुद्धजन संवाद एवं दिव्यांगजन उपकरण वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। जिला प्रमुख बरजी देवी भील, विधायक जब्बरसिंह सांखला, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता मंचासीन रहे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष परनामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी ने समाज, संस्कृति और हिंदुत्व को आगे बढ़ाने के साथ-साथ आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर ने देश की ताकत को विश्व पटल पर स्थापित किया है। परनामी ने कहा कि पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल का आह्वान कर आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया। कोरोना काल में बनी स्वदेशी वैक्सीन और रक्षा क्षेत्र में देशी हथियारों का प्रयोग इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी लागू कर व्यापार जगत को मजबूती दी और अब इसके सरलीकरण से आमजन को राहत दी है।

उन्होंने कहा कि मोदी का मूल मंत्र सेवा है और इसी भाव से भाजपा सेवा पखवाड़े के रूप में विभिन्न सामाजिक गतिविधियां आयोजित कर रही है। समारोह के दौरान लगभग 100 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उपकरण वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर प्रसन्नता झलक उठी। उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महापौर राकेश पाठक, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व विधायक वि_ल शंकर अवस्थी, सेवा पखवाड़ा संयोजक अविनाश जीनगर, प्रबुद्धजन संवाद संयोजक छैलबिहारी जोशी, दिव्यांगजन उपकरण वितरण संयोजक रामपाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, प्रबुद्धजन और दिव्यांगजन उपस्थित रहे। प्रारंभ में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा ,अशोक तलाइच, मंजू चेचाणी, विशाल गुरुजी, कल्पेश चौधरी, मांगीलाल गुर्जर, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, लादूलाल जाट, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, भूपेंद्र सिंह, अनिल सिंह जादौन, अजय नौलखा, बाबूलाल आचार्य, महेंद्र नायक, शंकरलाल जाट, भगवत सिंह खैराबाद, पूरण डीडवानिया, इमरान कायमखानी, मंजू पालीवाल, सीपी जोशी,सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पार्षद, प्रबुद्धजन, दिव्यांग छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## 1500 वे ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर अजमेर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर,(मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** 1500 वे ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर मस्जिद मूए-मुबारक, कचहरी, अजमेर में बुधवार दोपहर 3 बजे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य समाज में मानवता और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। पोस्टर विमोचन समारोह में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें ख्वाजा सैयद गयासुद्दीन चिश्ती (पूर्व उप सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग), महमूद खान (रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), मोहम्मद नजीर कादरी (पत्रकार), रियाज अहमद मंसूरी (प्रदेश अध्यक्ष, आल इंडिया मंसूरी समाज), अनवर साबरी (सूफी आर्ट्स), यासीन खान सिलावट (राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा प्रभारी, जिला अजमेर), मौलाना नसीम अख्तर (इमाम, कचहरी मस्जिद), सैयद हयात हुसैन (अधिवक्ता), एडवोकेट शहाबुद्दीन (राजस्व मंडल, अजमेर), कल्लू कुरैशी, मुजीबुर्रहमान, यूनुस मोहम्मद और समीर हुसैन शामिल थे। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के संयोजक ख्वाजा सैयद गयासुद्दीन चिश्ती ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन 3 अक्टूबर 2025, शुक्रवार (जुम्मा मुबारक) को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मस्जिद मूए-मुबारक परिसर में किया जाएगा।

रक्तदान शिविर के आयोजन में स्थानीय प्रशासन और जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय ब्लड बैंक विभाग का सहयोग रहेगा ।

उन्होंने सभी इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध किया कि वे रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण मस्जिद में आकर करवाएं, जिसमें उनका नाम और संपर्क नंबर दर्ज किया जाएगा। कार्यक्रम के सह-संयोजक मोहम्मद नजीर कादरी ने रक्तदान से पहले की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

यह रक्तदान शिविर न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देगा, बल्कि समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और दूसरों के जीवन को बचाने में अपना योगदान दें।

## न.पा. कपासन द्वारा आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रकाशदास ने दी शानदार प्रस्तुतियां

### क्षेत्रीय विधायक जीनगर ने एंबुलेंस देने की घोषणा की




बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका द्वारा सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रकाशदास महाराज की भजन संध्या का आयोजन किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक जीनगर द्वारा संत की मांग पर पशु चिकित्सालय एवं उपजिला अस्पताल के लिए एक-एक एम्बुलेंस देने की घोषणा की गयी।यहां भजन संध्या का आयोजन गत रात्रि नगर पालिका के बाहर रामस्नेही संप्रदाय के संत कीमतराम महाराज के सानिध्य में किया गया।

क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा नगर कपासन को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका के माध्यम से एक लाख कपड़े की थैलियां वितरित करने की घोषणा की गयी।

भजन संध्या में भजन गायक प्रकाशदास महाराज ने बजरंग बाला फेरू थारी माला,महादेव तेरा डमरू डम डम बाजे एवं ये भारत देश है मेरा वो महाराणा प्रताप कढ़े जैसे भक्ति और देश भक्ति के कई भजन आदि भजन प्रस्तुत किये।जिस पर स श्रोताओं ने खूब आनंद लिया।

इस अवसर पर भजन गायक संत श्री ने कपासन को नशा मुक्त,पॉलीथिन मुक्त व गौमाता युक्त बनाने का आह्वान किया।विधायक जीनगर ने संत की मांगों पर त्वरित प्रतिक्रिया दी तथा पशु चिकित्सालय,उपजिला अस्पताल में एक-एक एम्बुलेंस देने व कपड़े की थैलियों के वितरण की घोषणा की। इस कार्यक्रम में नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली,मेला कमेटी अध्यक्ष पुष्पा वैष्णव,पार्षद अशोक विजयवर्गीय, वंदना बुढ़साणा, लता वैष्णव, हीरालाल बागड़ा,अकील शाह,वंदना स्वर्णकार,पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मीलाल जीनगर,विधायक निजी सहायक मुकेश पायक,राशमी एससी मोर्चा अध्यक्ष देवेन्द्र रेगर,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नंदकिशोर सोनी,युवा मोर्चा अध्यक्ष कपासन विकास बारेगामा,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष बारेगामा,बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,नगर महामंत्री गजेंद्र बाघमार,सोहन खटीक,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया,विजयश्री सिरोया,रेखा सांवला,किन्नर नीलो, रामसिंह चुंडावत,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा,आशीष सोनी,भगवतीलाल आचार्य,हसमुख टेलर,युवा मोर्चा के गौरव दाधीच, प्रतीक वैष्णव,बबलू सोनी,अंशु बारेगामा,बबलू चंदेल आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हजरत मीरां साहब तारागढ़ की दरगाह में अफरोज खातून ने की जियारत

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर, (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** बिहार अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य अफरोज खातून ने अजमेर के तारागढ़ स्थित दरगाह शरीफ हजरत मीरां साहब के आस्ताना शरीफ में जियारत की। इस दौरान उन्होंने चादर और फूल चढ़ाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। दरगाह के खादिम सैयद जफर कायम ने अफरोज खातून को जियारत करवाई और उन्हें तबर्रूक भेंट किया। इस अवसर पर सैयद रब नवाज जाफरी ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया और उनके व उनके परिवार की सलामती व कामयाबी के लिए विशेष दुआ की।



जियारत के बाद अफरोज खातून ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी की जीत के लिए दुआ मांगने आई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी दुआएं रंग लाएंगी और नीतीश कुमार की पार्टी एक बार फिर बिहार में जीत हासिल करेगी। उन्होंने यह भी वादा किया कि जीत के बाद वे दोबारा दरगाह शरीफ में हाजिरी देने आएंगी। अफरोज खातून ने दरगाह की पवित्रता और आध्यात्मिक महत्व की सराहना की और कहा कि यह स्थान सभी धर्मों के लोगों के लिए शांति और एकता का प्रतीक है। उन्होंने दरगाह के खादिमों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उनके साथ परिजन थे।

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने दिखाई हरी झंडी

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर ब्यावर में निकली जनजागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (01 अक्टूबर) से 31 अक्टूबर 2025 तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्यावर की ओर से जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया। रैली में स्वास्थ्य कर्मचारियों, महिला स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएँ एवं आमजन ने भाग लिया। इस दौरान वृद्धों का सम्मान समाज की शान जैसे नारों के माध्यम से लोगों को वृद्धजनों के अधिकारों, सम्मान एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। डॉ. गहलोत ने बताया कि इस वर्ष की थीम — 'स्थानीय और वैश्विक कार्यों को आगे बढ़ाते वृद्धजन हमारी आकांक्षा, हमारा कल्याण, हमारा अधिकार' है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं और हमें उनके सम्मान, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।




वृद्धजनों के लिए पूरे माह विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे जिनमें नेत्र, हड्डी, दंत, मानसिक स्वास्थ्य, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, त्वचा रोग आदि की निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं एवं वृद्धजनों के अधिकारों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री रामाश्रय योजना के अंतर्गत जिला अस्पताल में स्थापित रामाश्रय वार्ड में अब तक 3276 वृद्धजन (1551 पुरुष एवं 1725 महिलाएँ) भर्ती होकर लाभान्वित हुए हैं, वहीं 2700 वृद्धजन मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से लाभ उठा चुके हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लोकेश कुमावत, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरीश कुमार, प्रशिक्षक बीना चेरियन, राहुल शर्मा, राकेश शर्मा एवं छात्राएँ मौजूद रहीं।

## GST संग्रह 9% बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीएसटी संग्रह सितंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपए रहा। दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत और मासिक आधार पर 1.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जीएसटी संग्रह सितंबर 2024 में 1.73 लाख करोड़ रुपए और अगस्त 2025 में 1.86 लाख करोड़ रुपए था। जीएसटी दरों में बदलाव 22 सितंबर से लागू हुआ। इसका असर जीएसटी आंकड़ों में दिखा है।

## ज़ुबिन की मौत के केस में मैनेजर सहित दो अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुवाहाटी। सिंगापुर में गायक ज़ुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत को बुधवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## बरेली हिंसा: पुलिस मुठभेड़ के बाद दो लोग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बरेली में 26 सितंबर को हुई हिंसा में कथित रूप से शामिल दो लोगों को बुधवार को सीबीगंज इलाके में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि दोनों आरोपी इदरीस और इकबाल मूल रूप से पड़ोसी शाहजहांपुर जिले के निवासी हैं तथा पिछले हफ्ते कोतवाली इलाके में हुई हिंसा में सक्रिय रूप से शामिल थे। आर्य ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान दोनों को गोली लगी और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। आरोपियों के कब्जे से सरकारी बंदूक बरामद की गई है।

## पुतिन की भारत यात्रा 5-6 दिसंबर को संभव

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस से तेल आयात को लेकर अमेरिका के साथ जारी खींचतान के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 5-6 दिसंबर को भारत के दौरे पर आ सकते हैं। इस दौरान उनकी मुलाकात पीएम नरेंद्र मोदी से भी होगी। वे भारत के साथ सालाना शिखर वार्ता के लिए नई दिल्ली आएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल खरीदने को लेकर 50% टैरिफ लगाने के साथ अन्य मुद्दों पर कड़ा रुख अपना रखा है।

## माफी की बात से मुकरे, कहा- भारतीय टीम एसीसी मुख्यालय से ले ले ट्रॉफी

दुबई। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बुधवार को कहा कि भारतीय टीम का यहां एसीसी के मुख्यालय से उनसे एशिया कप की ट्रॉफी लेने के लिए 'स्वागत' है। यह बयान उन्होंने तब दिया जब चैंपियन टीम को शीर्ष पुरस्कार नहीं मिलने पर विवाद जारी है। नकवी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने मंगलवार को एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों से रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह में अपने व्यवहार के लिए माफी मांगी थी। उस समय भारतीय टीम ने उनसे ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था और वह ट्रॉफी लेकर चले गए थे। नकवी ने कहा, मैंने कुछ गलत नहीं किया और मैंने बीसीसीआई से कभी माफी नहीं मांगी। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं और उनका भारत विरोधी राजनीतिक रुख जगजाहिर है। ज्ञात रहे कि आशीष शेलार और राजीव शुक्ला ने एसीसी की एजीएम में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को ट्रॉफी नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

### वरिष्ठ नागरिकों का सहारा साबित हो रहा सक्षम जयपुर अभियान

# सक्षम जयपुर अभियान के तहत 5600 सहायक उपकरण किये गए वितरित

- सांसद मंजू शर्मा की अध्यक्षता में हुआ आयोजन, समाजसेवियों का हुआ सम्मान
- अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जामड़ोली में विशेष शिविर का हुआ आयोजन - अभियान के तहत अब तक 1 हजार से अधिक वरिष्ठजनों को किया गया लाभांवित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर जिले में संचालित सक्षम जयपुर अभियान वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहारा साबित हो रहा है। अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को जामड़ोली स्थित सामाजिक न्याय संकुल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सांसद मती मंजू शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चंदेल ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में सक्षम जयपुर अभियान के तहत आयोजित हुए विशेष शिविर में राष्ट्रीय वयो योजना के अंतर्गत चयनित वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। समारोह का आयोजन जिला प्रशासन एवं केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। उन्होंने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान के तहत गत 8 अगस्त से 23 सितम्बर तक जिले की सभी पंचायत समिति व नगर निकाय मुख्यालयों पर चिन्हीकरण शिविर आयोजित किए गए थे। इन शिविरों में 1040 वरिष्ठ नागरिक चिन्हित किए गए जिन्हें कुल 5600 सहायक उपकरण प्रदान किए गए। जिनमें व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र, सेकल बेल्ट, नी-ब्रॉस, बैसाखी और सर्वाइकल कॉलर आदि शामिल हैं। वहीं, समारोह में अतिथियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को शॉल, फल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रवि नय्यर, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) आशीष कुमार, उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़, भारत सरकार के सी.आर.सी. निदेशक नीरज मधुकर, एलिम्को के उपप्रबंधक हरीश कुमार कक्कड़ एवं ललित कुमार, उपनिदेशक जितेन्द्र कुमार सेठी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## पशुपालन एवं गोपालन मंत्री ने बूंदी में ली समीक्षा बैठक

## गौशाला संचालकों, पशुपालकों एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक



बढ़ता राजस्थान

पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गौशाला संचालकों, पशुपालकों एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन मंत्री ने बूंदी जिले में संचालित 6 अपात्र गौशालाओं की तहसीलवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गौशाला संचालक निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गोवंश की संख्या बढाएं। साथ ही अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुचारू करें, ताकि उन्हें भी राज्य सरकार द्वारा अनुदान उपलब्ध करवाया जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों पर निराश्रित गोवंशों को भी गोशाला में भर्ती करवाकर उनकी देखभाल की जाएं। उन्होंने जिले में संचालित पात्र गौशालाओं के संचालकों को वर्तमान में संचालन संबंधी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण हटाएं और मृत गोवंश के उठाव की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि घायल पशुओं के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था हों। गोशालाओं में पेयजल, छाया, चारा भण्डारण, चार दीवारी की व्यवस्था की जावें।

कुमावत ने मोबाइल वेटरनिटी 1062 हेल्पलाइन, गौशाला विकास योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत प्रत्येक पशुपालक के पशुओं की हानि होने पर मिलने वाली मुआवजा राशि, लम्पी रोग की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में पशुपालकों को जानकारी दी।

## अमेरिका में सरकारी 'शटडाउन' शुरू, अनिश्चितता का दौर आरंभ

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सरकारी कार्यक्रम और सेवाएं जारी रखने को लेकर निर्धारित समय सीमा बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और संसद के बीच कोई समझौता न हो पाने के बाद सरकारी वित्त-पोषण पर रोक (शटडाउन) शुरू हो गई, जिसके चलते अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया। शटडाउन के दौरान संघीय सरकार के लगभग 7,50,000 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजे जाने की आशंका है। शटडाउन के दौरान कई कार्यालय बंद हो जाएंगे। शिक्षा, पर्यावरण और अन्य सेवाएं ठप पड़ जाएंगी। इसका असर पूरे देश में पड़ने की उम्मीद है। ज्ञात रहे कि राष्ट्रपति ट्रंप की पार्टी अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में अस्थायी फंडिंग बिल पास कराने में विफल रही है। उसे 60 वोटों की दरकार थी, लेकिन सरकार महज 55 वोट ही जुटा सकी। इस वजह से यह प्रस्ताव गिर गया समय सीमा पूरी होने से पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा, हम शटडाउन नहीं चाहते।

हालांकि इस सप्ताह सांसदों से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात करने वाले ट्रंप 'शटडाउन' से बचने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के बीच समझौते को लेकर बातचीत कराने के इच्छुक नजर नहीं आ रहे थे। रिपब्लिकन सांसद ने बातचीत से इनकार कर दिया और ट्रंप को किसी भी बातचीत से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## राज्यपाल से आरपीएससी के नव नियुक्त सदस्य की शिष्टाचार भेंट



जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजस्थान लोक सेवा आयोग के नव नियुक्त सदस्य हेमंत प्रियदर्शी ने बुधवार को राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल श्री बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।